वर्ष-22 ■ अंक-239 ■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-2.00

भोपाल

■ मंगलवार ■ 1 अप्रैल 2025

चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत्-2082

E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी

दैनिक

# समय जगत





भोपाल, दिल्ली, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित

एक संदेश-पूरा देश

म.प्र. के सर्वाधिक केंद्रों तक प्रसारित प्रदेश का एकमात्र समाचार पत्र

ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...

शीर्ष की ओर 'समय जगत'

Facebook
asksamayjagat

Instagram
@asksamayjagat

Twitter
@asksamayjagat

यूट्यूब पर
'खबर समय जगत'
को भी सब्सक्राइब करें

www.dainiksamayjagat.in


## माँ चंद्रघंटा




पिण्डजप्रवरारूढ़ा चण्डकोपास्त्रकैयुता।
प्रसादं तनुते मह्यं चन्द्रघण्टेति विश्रुता॥

श्री दुर्गा का तृतीय रूप श्री चंद्रघंटा है। इनके मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है, इसी कारण इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। नवरात्रि के तृतीय दिन इनका पूजन और अर्चना किया जाता है। इनके पूजन से साधक को मणिपुर चक्र के जाग्रत होने वाली सिद्धियां स्वत: प्राप्त हो जाती हैं तथा सांसारिक कष्टोंसे मुक्ति मिलती है। इनकी आराधनासे मनुष्य के हृदय से अहंकार का नाश होता है तथा वह असीम शांति की प्राप्ति कर प्रसन्न होता है। माँ चन्द्रघण्टा मंगलदायनी है तथा भक्तों को निरोग रखकर उन्हें वैभव तथा ऐश्वर्य प्रदान करती है। उनके घंटो मे अपूर्व शीतलता का वास है।

# मुख्यमंत्री आज करेंगे स्कूल चलें हम अभियान का शुभारंभ

## राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम भी होगा आयोजित

**समय जगत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एक अप्रैल मंगलवार को शासकीय नवीन उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय अरेरा कॉलोनी (ओल्ड कैंपियन) में प्रातः 9 बजे स्कूल चलें हम अभियान - 2025 का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम भी होगा। कार्यक्रम में जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप भी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के स्कूल चलें हम अभियान कार्यक्रम के डिजिटल प्लेटफार्म पर लाइव प्रसारण की व्यवस्था भी की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में नव प्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करेंगे। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न खेलों के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षा पोर्टल 3.0 का शुभारंभ करेंगे। प्रदेश में करीब 92 हजार सरकारी स्कूल हैं। इनमें प्रायमरी, मीडिल, हाई और हायर सेकण्डरी स्कूल हैं। इन स्कूलों में लगभग 85 लाख बच्चे अध्ययनरत हैं। इस वर्ष एक अप्रैल से नवीन शैक्षणिक सत्र शुरू होने जा रहा है। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम-2025 के माध्यम से समस्त शासकीय-अशासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के प्रवेश की कार्रवाही एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर स्टूडेंड डायरेक्ट्री मैनेजमेंट सिस्टम प्रणाली पर की जा रही है। एजुकेशन पोर्टल में स्कूल शिक्षा विभाग से संबंधित सभी कार्यों को शामिल किया गया है। विभाग से संबंधित जानकारी पोर्टल के माध्यम से सुलभ तरीके से प्राप्त की जा सकेगी। प्रदेश में जिले के प्रभारी मंत्री जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में एक अप्रैल को शामिल होंगे। यह कार्यक्रम चयनित शाला में होगा। कार्यक्रम में सांसद, विधायक एवं अन्य जन-प्रतिनिधि शामिल होंगे। उपस्थित छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें वितरित की जायेंगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने ऐसी व्यवस्था की है कि नये शैक्षणिक-सत्र की शुरूआत में विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तकें मिल जायें। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी और मैदानी अमले को विभाग द्वारा निर्देश जारी कर दिये गये हैं। ग्राम और बसाहट के शाला से बाहर रहे चिन्हित बच्चों का शाला में नामांकन कराया जायेगा। बच्चों के अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जायेगा। कक्षा-1 से 8 तक सभी शालाओं में एक अप्रैल को बालसभा का आयोजन किया जायेगा। इस दिन शालाओं में विशेष भोजन की व्यवस्था भी की गयी है। स्कूल शिक्षा विभाग का प्रयास है कि सरकारी स्कूलों के बच्चों को शिक्षण सत्र शुरू होते ही अप्रैल माह में निशुल्क पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध हो जायें। कक्षा एक से कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिये करीब 5 करोड़ 60 लाख पुस्तकें, एक करोड़ 2 लाख फाउंडेशनल लिटरेसी एण्ड न्यूमरेसी (एफएलएन) अभ्यास पुस्तिकाएं और करीब 26 लाख ब्रिज कोर्स की पुस्तकें निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। स्कूल चलें हम अभियान के दूसरे दिन दो अप्रैल को शालाओं में भविष्य से भेंट'' कार्यक्रम होगा।



इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध और सम्मानित व्यक्तियों को प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट के लिये आमंत्रित किया जायेगा। इसी दिन स्थानीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धियाँ हासिल करने वाले खिलाड़ी, साहित्यकार, कलाकार, मीडिया, संचार मित्रों, पुलिस अधिकारी, राज्य शासन के अधिकारी को विशेष रूप से आमंत्रित किया जायेगा। आमंत्रित अतिथि उपस्थित बच्चों को पढ़ाई के महत्व और प्रेरणादायी कहानियाँ सुनायेंगे। इस दौरान सामाजिक संस्था एवं आमंत्रित व्यक्ति स्वैच्छा से विद्यार्थियों को शाला उपयोगी वस्तुएँ भेंट कर सकेंगे। जिला कलेक्टर को जिले के प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों को किसी एक शाला में जाकर एक कालखण्ड में बच्चों के साथ संवाद करने के लिये संवाद करने के भी निर्देश दिये गये हैं। स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत 3 अप्रैल को शाला स्तर पर पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेल-कूद की गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी। इसका उद्देश्य पालकों का विद्यालय से जुड़ाव करना है।

# राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री सहित कई दिग्गजों ने देशवासियों को दी ईद की बधाई



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने एक्स पर लिखा, ईद-उल-फितर के मुबारक मौके पर सभी देशवासियों, विशेष रूप से मुस्लिम भाइयों और बहनों को बधाई। यह त्योहार भाईचारे की भावना को मजबूत बनाता है तथा करुणा-भाव और दान की प्रवृत्ति को अपनाने का संदेश देता है। मैं कामना करती हूं कि यह पर्व सभी के जीवन में शांति, समृद्धि और खुशियां लेकर आए तथा सबके दिलों में नेकी के रास्ते पर आगे बढ़ने के जज्बे को मजबूत बनाए। माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, ईद-उल-फितर की बधाई। यह त्योहार हमारे समाज में आशा, सद्भाव और दयालुता की भावना को बढ़ाए। आपके सभी प्रयासों में खुशी और सफलता मिले। ईद मुबारक! रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, ईद-उल-फितर की हार्दिक शुभकामनाएं। यह त्योहार सभी के लिए सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए। आशा है कि यह दिन पूरे समाज में सद्भाव और भाईचारे के बंधन को और मजबूत करेगा। ईद मुबारक।

# चारधाम यात्रा जाने वाले यात्रियों के चेकअप के लगाए जा रहे हेल्थ एटीएम



**देहरादून।** स्वास्थ्य विभाग चारधाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों की जांच के लिए 50 हेल्थ एटीएम संचालित करेगा। ये एटीएम विभाग को 2023 में सीएसआर के तहत मिले थे। अब इनका रखरखाव व संचालन विभाग कर रहा है। इसके साथ ही यात्रा मार्ग पर स्क्रीनिंग प्वाइंट बनाए जा रहे हैं, जहां यात्रियों के ब्लड प्रेशर, शुगर व आक्सीजन लेवल की जांच की जाएगी।

प्रदेश में इस साल 30 अप्रैल से चारधाम यात्रा शुरू होगी। सरकार का जोर यात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने पर है। इसके लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। यात्रियों के लिए हेल्थ एडवाइजरी जारी की है तो यात्रा मार्गों पर चिकित्सकों की तैनाती की जा रही है। इसके साथ ही यात्रा मार्ग पर तकरीबन 50 हेल्थ एटीएम भी सक्रिय किए जा रह हैं। इन हेल्थ एटीएम में 70 से ज्यादा परीक्षण किए जाएंगे। इससे बेसिक कार्डियोलाजी, न्यूरोलाजी, पल्मोनरी टेस्टिंग, गायनोक्लाजी, बेसिक लैबोरेटरी टेस्टिंग करा सकते हैं। इनमें पल्स रेटिंग, बीपी, आक्सीजन, ब्लड शुगर जैसे प्राथमिक जांच शामिल हैं।

हेल्थ एटीएम से कम समय में जांच संभव है और रिपोर्ट भी कम समय में मिल जाती है। साथ ही यह ब्लड प्रेशर, शुगर, वजन, लंबाई, शरीर का तापमान, शरीर में आक्सीजन लेवल, बाडीमास इंडेक्स, मेटाबालिक एज, बाडीफैट, डिहाइड्रेशन, पल्स रेट, मसल मास आदि की जांच भी कर सकता है। 2023 में जब हेल्थ एटीएम लगाए गए थे, उस समय इनके खराब होने की बात भी सामने आई थी। अब विभाग ने इसके लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया है और जो हेल्थ एटीएम खराब हुए थे, उन्हें ठीक कराया गया है। हेल्थ एटीएम में किसी यात्री के साथ कोई परेशानी पाई जाती है तो टेलीमेडिसन के जरिए से विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया जा सकता है। यह सुविधा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी।

# वैज्ञानिकों ने ब्रेस्ट कैंसर के इलाज के लिए खोजा नया तरीका

**क्वींसलैंड।** ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों ने महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के इलाज के लिए एक नई राह खोजी है। क्वींसलैंड विश्वविद्यालय के ऑस्ट्रेलियाई जैव अभियांत्रिकी और नैनो प्रौद्योगिकी संस्थान (एआईबीएन) के वैज्ञानिकों ने एक नया लौह-आधारित नैनोकण विकसित किया है, जिसे नैनो-एडजुवेंट कहा जा रहा है। यह नैनोकण कैंसर के ट्यूमर माइक्रो-एनवायरनमेंट में जाकर शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करेगा और टी-कोशिकाओं को कैंसर से लड़ने में अधिक प्रभावी बनाएगा। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह तकनीक इम्यूनोथेरेपी को अधिक प्रभावी बना सकती है और शरीर को स्वयं ही कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने में सक्षम बना सकती है। इस शोध का नेतृत्व कर रहे प्रोफेसर यू चेंगझोंग के अनुसार, पारंपरिक उपचारों की तुलना में यह नैनो टेक्नोलॉजी अधिक कारगर साबित हो सकती है। ट्रिपल-नेगेटिव ब्रेस्ट कैंसर में उन प्रोटीन की कमी होती है, जिन्हें आमतौर पर कैंसर उपचार में निशाना बनाया जाता है, जिससे इसकी चिकित्सा चुनौतीपूर्ण हो जाती है।

## जिला अध्यक्षों से मंडल पदाधिकारियों और कार्यसमिति के गठन की ली गई जानकारी

# भाजपा जिलाध्यक्षों, प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री



**समय जगत, भोपाल।** प्रदेश भाजपा कार्यालय में मप्र के सभी भाजपा जिला अध्यक्षों, पूर्व जिला अध्यक्षों, संभाग और जिला प्रभारियों, प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक हुई। इस बैठक में सीएम डॉ मोहन यादव, बीजेपी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक में जिला अध्यक्षों से मंडल पदाधिकारियों और कार्यसमिति के गठन की जानकारी ली गई। जिला अध्यक्षों से जिले वार मंडल कार्यसमिति और पदाधिकारियों की नियुक्ति के बारे में पूछा गया। जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों को जानकारी साथ लेकर आने के निर्देश दिए गए थे।

बैठक में आजीवन सहयोग निधि की जिलेवार समीक्षा, 6 अप्रैल को बीजेपी के स्थापना दिवस की तैयारी, 14 अप्रैल को भीमराव अंबेडकर की जयंती के कार्यक्रमों की तैयारी पर चर्चा हुई। बैठक में भिंड सांसद संध्या राय, सागर सांसद लता वानखेड़े, होशंगाबाद सांसद दर्शन सिंह चौधरी, भोपाल सांसद आलोक शर्मा, राज्यसभा सांसद माया नरोलिया, सुमित्रा बाल्मीक, विधायक चिंतामणि मालवीय, अनिल जैन कालूहेड़ा, हरिशंकर खटीक सहित पार्टी के कई तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने किया हॉस्पिटल का लोकार्पण

**समय जगत, उज्जैन/ भोपाल।** मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बड़नगर के काबरा हॉस्पिटल का लोकार्पण किया। इस दौरान सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक जितेंद्र सिंह पंड्या मौके पर मौजूद रहे। यह हॉस्पिटल भगवती माता मंदिर मार्ग पर लगभग एक बीघा भूमि पर निर्मित किया गया है। और इसमें अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। काबरा हॉस्पिटल को हाईटेक सर्व-फैसिलिटी युक्त अस्पताल के रूप में तैयार किया गया है। जहां मरीजों को बेहतर उपचार मिल सकेगा। जो बड़े अस्पतालों में देखे जाते थे वही इस अस्पताल में आधुनिक मशीनरी और चिकित्सा उपकरण उपलब्ध किए गए हैं। विशेष रूप से इमरजेंसी मरीजों के लिए हेलीकॉप्टर लैंडिंग की सुविधा भी उपलब्ध है। जिससे गंभीर मरीजों को समय पर इलाज मिल सकेगा।

# सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है 'फालसा' फल



**नई दिल्ली।** गर्मी के मौसम में एक खास फल 'फालसा' जल्द ही बाजारों में दिखाई देने वाला है। छोटे आकार और खट्टे-मीठे स्वाद वाला यह फल न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद माना जाता है। आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान दोनों ही 'फालसा' को स्वास्थ्यवर्धक बताते हैं, क्योंकि यह पाचन तंत्र से लेकर दिल और डायबिटीज जैसी समस्याओं के लिए लाभकारी साबित होता है। फालसा को भारत का स्वदेशी फल माना जाता है और इसकी खेती मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान जैसे राज्यों में होती है। इसे वैज्ञानिक रूप से 'ग्रेविया एशियाटिका' कहा जाता है और यह भारत के शुष्क और अर्द्धशुष्क क्षेत्रों में उगाया जाता है। हालांकि, इसकी नाजुक बनावट के कारण इसे लंबी दूरी तक ले जाना मुश्किल होता है, इसलिए यह बाजारों में सीमित समय के लिए ही उपलब्ध रहता है। अमेरिकी नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के मुताबिक, फालसा में विटामिन ए और सी, कैल्शियम, फॉस्फोरस, आयरन, पोटैशियम और फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है।

# भूकंप से कब्रिस्तान में तब्दील हुआ म्यांमार का बड़ा शहर



**मांडले।** तीन दिन पहले आए विनाशकारी भूकंप में 1700 से अधिक लोगों की मौत हो गई और अनगिनत लोग जगह-जगह मलबे में दब गए। म्यांमार में मरने वालों की संख्या 1710 पहुंच गई है, जबकि 5000 से अधिक घायल है और लगभग 4000 लापता बताए जा रहे हैं। अब हालात ये हैं कि म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले की सड़कों पर पड़े शवों से अब भयानक दुर्गंध फैलनी शुरू हो गई है और उधर लोग अब भी अपने परिजनों की खोज में हाथों से मलबा हटाने में जुटे हुए हैं। स्थानीय लोग बिना भारी उपकरणों की मदद के जीवित बचे लोगों की तलाश में जुटे हैं और 41 डिग्री सेल्सियस की गर्मी में हाथों और फावड़ों से मलबा हटाने को मजबूर हैं। रविवार दोपहर को आए 5.1 तीव्रता के झटकों के बाद सड़कों पर मौजूद लोगों में चीख-पुकार मच गई। हालांकि थोड़ी देर बाद फिर से काम शुरू हो गया। मांडले में रहने वाले 15 लाख लोगों में से कई लोगों ने रात सड़कों पर बिताई। बहुत से लोग भूकंप के कारण बेघर हो गए हैं। भूकंप ने पड़ोसी देश थाईलैंड को भी हिलाकर रख दिया और वहां कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई।

**योजना** | **वन विभाग और डब्लूडब्लूएफ उठाएगा प्रभावी कदम**

# तेज रफ्तार वाहनों के चलते हो रही है वन्यजीवों की मौत



**हल्द्वानी।** जंगलों के बीच से गुजरी सड़क से गुजरना वन्यजीवों के लिए खतरा साबित होता है। तेज रफ्तार गाड़ियों की चपेट में आने से बाघ, हाथी, हिरण और बंदरों की जान जा चुकी है। इंसानी सुविधाओं के लिए जंगल के बीचों बीच सड़कें तो बना ली गई लेकिन हम भूल गए जंगलों पर पहला अधिकार वन्यजीवों का है। इन बेजुबानों को बचाने के लिए वन विभाग और डब्लूडब्लूएफ शोध शुरू करने जा रहा है। जगह-जगह लगे ट्रैप कैमरे बताएंगे कि हाईवे पर कब वन्यजीवों का अधिकार होगा। तराई के जंगलों की भौगोलिक परिस्थितियों के हिसाब से हल्द्वानी-रुद्रपुर हाईवे बेहद अहम है। इस सड़क को पार करके जंगली जानवर दूसरे जंगल में पहुंचते हैं। बेलबाबा से पंतनगर मोड़ तक की इस सड़क को आमतौर पर टांडा जंगल कहा जाता है। अलग-अलग रेंजों का हिस्सा सड़क के दोनों तरफ है। टांडा रेंज के जंगल को पार करने के बाद लालकुआं की तरफ गौला हाथी कोरीडोर है, जिसके जरिये हाथियों का झुंड डौली रेंज से चोरगलिया व अन्य जगहों तक पहुंचता है। इसलिए न विभाग के नक्शे में इसे गौला कोरीडोर का नाम दिया गया है। लेकिन बेलबाबा से पंतनगर मोड़ के बीच कई बार सड़क को पारकर दूसरे जंगल में पहुंचना वन्यजीवों के लिए मौत की वजह बनता है। गाड़ियों की तेज रफ्तार को कम करने से जुड़े बोर्ड तो लगे हैं। उसके बावजूद हादसों पर ब्रेक नहीं लग सका है। ऐसे में वन विभाग और डब्लूडब्लूएफ की टीम मिलकर दीर्घकालिक उपाय को लेकर अध्ययन कर रही है। हल्द्वानी-रुद्रपुर हाईवे के जंगल क्षेत्र से लेकर लालकुआं की तरफ पड़ने वाले कोरीडोर से जुड़ी बरेली रोड पर ट्रैप कैमरे लगाए जाएंगे। ताकि यह पता चल सके कि वन्यजीवों के सड़क को पार करने का ज्यादातर समय कौन सा होता है। क्रासिंग क्षेत्र कौन-कौन से है और किस सीजन में मूवमेंट होता है। शोध रिपोर्ट सामने आने के बाद बचाव को लेकर उपाय किए जाएंगे। लामाचौड़ के भाखड़ा पुल से रामनगर तक की सड़क भी वन्यजीवों के लिहाज से संवेदनशील है। ये हाईवे भी दो जंगलों को अलग करता है। इसलिए भविष्य में इसे भी अध्ययन में शामिल किया जाएगा। हाईवे पर हुई घटनाओं में जनवरी 2021 में फतेहपुर में इनोवा की टक्कर से बाघ की मौत, जनवरी 2024 में टांडा जंगल में कार की टक्कर से बाघ की मौत, अक्टूबर 2024 में बेलबाबा से नीचे बस की टक्कर से हथिनी की जान चली गई वहीं फरवरी 2025 में टांडा जंगल में हुए हादसे में बाघ के शावक की मौत हो गई थी।

वन विभाग और डब्लूडब्लूएफ की टीम ट्रैप कैमरों के जरिए से अध्ययन शुरू करने जा रही है। इसके अलावा तराई में ट्रेन की चपेट में आने से भी वन्यजीवों की जान जा चुकी है। एआइ तकनीक के इस्तेमाल से भी पटरी के आसपास मौजूद हाथियों के झुंड का पता लगाया जा सकता है। वन विभाग के मुताबिक संवेदनशील समय का पता लगने पर सुरक्षा के इंतजाम किए जाएंगे। कहां ब्रेकर लगेगा। किस समय ट्रैफिक को रोकना है। कौन सा क्रासिंग सबसे अहम है। ये सभी आंकड़े जुटाए जाएंगे।

# चीन में शादी की दर में भारी गिरावट हुई दर्ज

**बीजिंग।** पिछले कुछ सालों में चीन में शादी की दर में भारी गिरावट दर्ज की गई है। बढ़ती महंगाई, बदलते सामाजिक मूल्यों और महिलाओं की स्वतंत्रता की ओर बढ़ती सोच के चलते शादी से दूरी बनाने का चलन बढ़ रहा है।

2024 में केवल 6.1 मिलियन जोड़ों ने शादी के लिए रजिस्ट्रेशन कराया, जो 2023 की तुलना में 20 प्रतिशत कम है। यह संख्या 1986 के बाद की सबसे कम है। कोविड-19 महामारी के दौरान भी शादी की दर में 12.2 प्रतिशत की गिरावट आई थी, लेकिन मौजूदा आंकड़े हालात को और गंभीर दर्शा रहे हैं। शादी की घटती दर के पीछे चीन की पूर्व वन चाइल्ड पॉलिसी का भी बड़ा योगदान है। इस नीति के कारण देश में लिंग अनुपात असंतुलित हो गया। 2000 के दशक की शुरुआत में जन्म के समय लिंग अनुपात 121 लड़कों के मुकाबले 100 लड़कियों का था, जबकि कुछ प्रांतों में यह अनुपात 130 से भी ज्यादा पहुंच गया था। नतीजतन, बड़ी संख्या में पुरुषों के लिए शादी करना मुश्किल हो गया है। रिपोर्टों के मुताबिक, 2020 से 2050 के बीच 3 से 5 करोड़ चीनी पुरुष शादी के लिए दुल्हन नहीं ढूंढ पाएंगे, जिससे 'लेफ्टओवर मेन' नामक एक सामाजिक संकट खड़ा हो गया है। शादी के लिए महिलाओं की कमी ने चीन में मैरिज ट्रैफिकिंग के गोरखधंधे को जन्म दिया है।

# स्वर्णिम प्रशासन मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय जागृति अभियान का हुआ भव्य समापन

**समय जगत, भोपाल।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के प्रशासक सेवा प्रभाग के द्वारा स्वर्णिम प्रशासन मध्य प्रदेश राज्यस्तरीय जागृति अभियान राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अवधेश दीदी, क्षेत्रीय निदेशिका म.प्र. एवं राष्ट्रीय संयोजिका, प्रशासक सेवा प्रभाग एवं राजयोगी बी के हरीश भाई जी मुख्यालय संयोजक प्रशासक सेवा प्रभाग के कुशल मार्गदर्शन में एवं बीके डॉ. रीना दीदी, क्षेत्रीय संयोजिका, प्रशासक सेवा प्रभाग के नेतृत्व में समापन समारोह पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज भोपाल जोन के संस्थापक एवं प्रशासक सेवा प्रभाग के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय राजयोगी महेंद्र भाई साहब की 16वीं पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर भोपाल जोन की सैकड़ो वरिष्ठ दीदियां उपस्थित रही। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमति मालती राय, महापौर, भोपाल रही, उन्होंने अभियान के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त की। कार्यक्रम के विशिष्ट तिथि श्री अवधेश प्रताप सिंह, प्रमुख सचिव, म.प्र. विधान सभा, श्रीमति भावना वालिम्बे (आई.ए.एस.) निदेशक और नियंत्रण अधिकारी, जनगणना कार्य निदेशालय, म.प्र. गृह मंत्रालय भारत सरकार, श्री हरिनारायणाचारी, पुलिस आयुक्त, भोपाल, तरसेम सिंह जीरा महाप्रबंधक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, अनिल बाजपेयी, निदेशक, प्रेस्टिज ग्रुप रहे। 'आध्यात्मिक सशक्तिकरण द्वारा स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज' थीम के अंतर्गत ब्रह्माकुमारीज भोपाल जोन के क्षेत्रीय मुख्यालय भोपाल में प्रशासकों, प्रबंधकों तथा कार्यपालकों हेतु स्वर्णिम प्रशासन मध्यप्रदेश जागृति राज्यस्तरीय अभियान का शुभारंभ मध्यप्रदेश




के राज्यपाल माननीय मंगू भाई पटेल जी के द्वारा किया गया था । इस अवसर पर अभियान के अंतर्गत माननीय राज्यपाल महोदय ने विभिन्न यात्राओं का शुभारंभ किया था । अभियान के अंतर्गत यात्राओं के माध्यम से संपूर्ण मध्यप्रदेश के प्रशासकों, प्रबंधकों तथा कार्यपालकों हेतु विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हे आध्यात्मिक रूप से सशक्त कर सुप्रशासन एवं स्वर्णिम मध्यप्रदेश बनाने हेतु सशक्त करने हेतु अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए । अभियान के अंतर्गत नवंबर 2024 से मार्च 2025 के बीच 8 यात्राएं निकाली गई 7 अभियान के अंतर्गत लगभग 25 जिलों में 200 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसके माध्यम से प्रशासनिक क्षेत्र के लगभग 40000 अधिकारी एवं कर्मचारी लाभान्वित हुए। स्वर्णिम प्रशासन मध्यप्रदेश जागृति राज्य स्तरीय अभियान का नेतृत्व ब्रह्माकुमारीज ब्लेसिंग हाउस भोपाल की निदेशिका एवं संयोजिका प्रशासक सेवा प्रभाग ब्रह्माकुमारीज भोपाल जोन की क्षेत्रीय संयोजिका बी के डॉ. रीना दीदी ने किया। समूचे अभियान मे अभियान सदस्य के रूप में बी के ऋचा बहन, बी के राहुल भाई एवं बी के बी के राम भाई साथ चल रहे थे। अभियान का समापन ब्रह्माकुमारीज क्षेत्रीय मुख्यालय राजयोग भवन भोपाल में रविवार दिनांक 30 मार्च 2025 को भव्य समारोह में हुआ। स्वर्णिम प्रशासन मध्य प्रदेश राज्यस्तरीय जागृति अभियान के भव्य समापन समारोह कार्यक्रम का उद्घाटन मंचासीन अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमार हरीश भाई , मुख्यालय संयोजक, प्रशासक सेवा प्रभाग रहे। हरीश भाई जी ने बताया कि ब्रह्माकुमारीज अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू के प्रशासक सेवा प्रभाग द्वारा प्रशासकों, प्रबंधकों एवं कार्यपालकों के आध्यात्मिक सशक्तीकरण का कार्य पिछले 40 वर्षों से लगातार किया जा रहा है। उन्होंने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष बजी सितम्बर में आबू रोड में होने वाले सम्मेलन हेतु सभी को आमंत्रण दिया। समापन समारोह में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अवधेश दीदी, क्षेत्रीय निदेशिका म.प्र. एवं राष्ट्रीय संयोजिका, प्रशासक सेवा प्रभाग ने आशीर्वचन व्यक्त किए। बीके रीना दीदी, क्षेत्रीय संयोजिका, प्रशासक सेवा प्रभाग ने अभियान में हुई सेवाओं का प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने सभी को राजयोग ध्यानाभ्यास भी कराया।

## संडे साइकिल अभियान की शुरुआत




**समय जगत, रतलाम ।** नववर्ष का प्रारंभ सेहत दुरुस्त रखने के संकल्प के साथ रोटरी क्लब ऑफ रतलाम डायमंड द्वारा 30 मार्च को संडे साइकिल अभियान की शुरुआत की इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, वरिष्ट परिचालन अधिकारी अजय ठाकुर,युवा मोर्चा अध्यक्ष विपल्व जैन क्षेत्रीय पार्षद राजश्री मयूर पुरोहित, क्रीड़ा भारती सचिव अनुज शर्मा थे। प्रारम्भ अतिथियों द्वारा भारत माता को माल्यार्पण किया एवं उपस्थित साइकिल सवारों को शपथ दिलवाई उपाध्याय ने कहा कि वर्तमान दौर में शारीरिक दक्षता एवं निरोगी काया करोड़ो की माया है प्रत्येक व्यक्ति को व्यायाम जरूर करना चाहिए, क्लब द्वारा इस मुहिम से साइकिल के प्रति रुझान बढ़ेगा अनुकरणीय पहल है।

अजय ठाकुर , जैन ने भी अपने विचार रखे। क्लब अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने बताया कि प्रत्येक रविवार को साइकिल अभियान चलाया जाएगा एवम् पौष्टिक आहार, ओ आर एस भी वितरण किया जाएगा आपने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान से जुड़ने की अपील की। इस अवसर पर राहुल रांका, निखिल मिशा, मनोज उपाध्याय, विवेक शर्मा हार्दिक कुरुवारा, भूषण, प्रदीप राव, जितेंद्र राणावत उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र झामर ने आभार अमित नागर ने व्यक्त किया।

## प्रगति स्कूल खिरकिया की बड़ी लापरवाही, छात्र छात्राओं पर मधुमक्खियों का हमला, क्या होगी कार्यवाही

**समय जगत, खिरकिया।** परिजन शासकीय स्कूलों का भरोसा न करते हुये निजी प्रायवेट स्कूलों पर भरोसा करके अपने नन्हे मुन्ने बच्चो को शिक्षा हेतु स्कूल भेजते हैं। ऐसा ही मामला हरदा जिले की तहसील खिरकिया में स्थित निजी स्कूल का सामने आया है। जहॉ बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही उजागर हुई। विगत दिन शनिवार को प्रगति स्कूल में छात्र छात्राए पेपर देने गये हुये थे स्कूल परिसर में लगी मधुमक्खियों ने बच्चों पर अचानक हमला कर दिया, जिससे स्कूल परिसर में बच्चो के बीच अफरा तफरी मच गई।

मधुमक्खियों ने बेक़सूर और मासूम छात्राओं को जमकर काटा हमले में सभी छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गई जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्रगति स्कूल में ग्यारहवीं के बच्चों की परीक्षा थी छात्रायें स्कूल में पहुंचीं ही थी तभी अचानक मधुमक्खियों ने उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया हमले के बाद स्कूल परिसर में भगदड़ और अफ़रातफ़री मच गई छात्राएं घबराकर



इधर उधर भागने लगीं और जैसे तैसे अपनी जान बचाई। इस पूरे घटनाक्रम को देखकर आसपास के लोगों ने छात्राओं की मदद की और स्कूल प्रबंधन की जमकर आलोचना की।

लोंगों और पालकों का कहना है कि इस मामले में स्कूल प्रबंधन की गंभीर लापरवाही सामने आई है घटना में किसी की जान भी जा सकती थी। दरअसल, छात्राएं जब स्कूल में परीक्षा देने पहुंची, तभी अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया।

हमला इतना जोरदार था कि सभी बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए और बेसुध होकर इधर उधर भागने लगे आसपास के निवासियों ने मधुमक्खियों को चादर और गमछे से भगाया और तुरंत सभी को अस्पताल पहुंचाया, जहां घायलों का इलाज किया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के खंड चिकित्सा अधिकारी राम कुमार सोनी ने बताया कि सभी घायल छात्राओं का उपचार कर उन्हें घर भेज दिया गया था और समझाइस दी गई थी कि यदि घबराहट या चक्कर जैसी स्थिति लगे तो तत्काल मुझसे संपर्क करें।

परिजनों तथा नगरवासियों का कहना है कि उक्त घटना की जांच की जानी चाहिए और स्कूल संचालक पर लापरवाही को लेकर कार्यवाही की जानी चाहिए। स्कूल संचालक को नोटिस जारी किया जाना चाहिए और उन्हें घटना के संबंध में स्पष्टीकरण देने के लिए कहा जाना चाहिए। और बच्चो को आई चोटो को लेकर नुकसान की भरपाई करनी चाहिए। जांच के दौरान स्कूल संचालक की लापरवाही सामने आती है तो उनका लाइसेंस रद्द किया जाना चाहिए। विभागीय अधिकारी ने बताया कि उक्त मामले की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## डेनेशिया डेंटल हॉस्पिटल में सुंदरकांड का हुआ भव्य आयोजन



**समय जगत, भोपाल।** डॉ प्रशांत त्रिपाठी के डेनेशिया सुपरस्पेशलिटी डेंटल हॉस्पिटल में भव्य सुंदरकांड का आयोजन एक बहुत ही सफल और आध्यात्मिक अनुभव था। इस सुन्दरकाण्ड में अभिनव मानस मंडल द्वारा भजन और कीर्तन किया गया । सुंदरकांड का पाठ बहुत ही भावपूर्ण और आध्यात्मिक तरीके से किया गया। आयोजन में डेनेशिया डेंटल हॉस्पिटल के मरीज, कर्मचारी और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। आयोजन के दौरान भजन और कीर्तन के साथ-साथ प्रसाद वितरण भी किया गया। आयोजन का माहौल बहुत ही शांत और आध्यात्मिक था। आयोजन के दौरान सभी लोगों ने बहुत ही ध्यान और श्रद्धा से सुंदरकांड का पाठ सुना और सभी लोगों ने बहुत ही सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। इस सुंदरकांड का आयोजन पीके त्रिपाठी , श्रीमती विजयलक्ष्मी त्रिपाठी ,डॉ. प्रशांत त्रिपाठी और डॉ. पूजा त्रिपाठी द्वारा किया गया। सुन्दरकाण्ड में अभिनव मानस मंडल के मंडल पदाधिकारीगण चंद्रमोहन साहू, देवेंद्र सक्सेना, पंडित राधेश्याम तिवारी, एम. एल. राय, एनपी आर्या, चंद्रप्रकाश मालवीय, मनोज खंडेलवाल , उमेश सिंह , वाय पी त्रिपाठी , प्रकाश राय सक्सेना , आर. एस. यादव , एस. आर. डहेरिया, दीपक सोनी , अरविन्द , लक्ष्मण सिंह मीणा , जय प्रकाश, संजय, कैलाश श्री राव भी उपस्थित थे।


## सार-समाचार

### नगर में गणगौर महोत्सव की शुरुआत में माता की खुली बाड़ी



**समय जगत, बिस्टान।** नगर में सोमवार को गणगौर महाउत्सव की शुरुआत में माता की बाड़ी खुली ।दो स्थानों पर अलग अलग माता बाड़ी में बड़ी संख्या में माता रूपी ज्वारों का श्रद्धालुओं ने विधिपूर्वक पूजन किया एवं माता को श्रद्धा से घर ले गए ।पवित्रता के साथ घर में जोड़े जिमाये ।रात्रि में माता का जागरण किया जा कर झालरियो के माध्यम से आराधना की जाएगी ।पंडित बसन्त दुबे ,नरेन्द्र त्रिवेदी ने बताया कि करीब 200 से अधिक माता रथ गाँव के श्रद्धालु डोल ताशे व भजन गाते उत्साह से घर ले गए।

### ईदगाह में मुस्लिम समाज ने अदा की ईद कि नमाज़



**बिस्टान।** नगर परिषद क्षेत्र में मुस्लिम समाज द्वारा ईद के मौके पर ईदगाह पर ईद की नमाज़ अदा की गई और नमाज के बाद देश की तरक्की, शांति भाईचारे के लिए दुआ मांगी गई।बिस्टान शहर जामा मस्जिद के इमाम ने नमाज पढ़ाई।जिसमें बिस्टान अनकवाड़ी गोपालपुरा घट्टी के लोगों ने एक साथ नमाज अदा कर एक दूसरे के गले लगकर मुबारकबाद दी।

### होमगार्ड सेवाराम मरावी का सेवा के दौरान सड़क दुर्घटना में निधन



**समय जगत नरसिंहपुर।** जिला मुख्यालय नरसिंहपुर में होमगार्ड में पदस्थ सैनिक सेवाराम मरावी का विगत रात्रि में सेवा के दौरान सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। सेवाराम मरावी जिला नरसिंहपुर के ग्राम आलोद के रहने वाले थे, मरावी की होमगार्ड में नियुक्ति दिनांक 01.11.1990 को जिला नरसिंहपुर में हुयी थी।सैनिक मरावी अपने सेवाकाल के दौरान विभिन्न थानों में पदस्थ रहकर कानून व्यवस्था से जुड़ी ड्यूटी में अपना योगदान देते रहे हैं।होमगार्ड कार्यालय नरसिंहपुर में पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, सेनानी होमगार्ड टीआर चौहान, रक्षित निरीक्षक मनोरमा बघेल, थाना प्रभारी मुंगवानी संजय सूर्यवंषी, पीसी वीरेन्द्र सूर्यवंषी एवं अन्य स्टाफ के द्वारा सैनिक सेवाराम मरावी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

## ग्राम पंचायत मोहगांव में जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ




**समय जगत, मंडला।** निवास -जिले के जनपद पंचायत निवास अंतर्गत 30 मार्च 2025 को ग्राम पंचायत मोहगांव के पोषक ग्राम बंदरिया भटगांव में जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश सरकार की पहल पर इस अभियान का शुभारंभ किया गया, जो 30 मार्च से 30 जून तक पूरे राज्य में जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुण्य जीवन के उद्देश्य से चलेगा। कार्यक्रम के दौरान ग्राम भटगांव स्थित गौर नदी के उदगम स्थल पर एसडीओ मरकाम की उपस्थिति में प्रसिद्ध हनुमान मंदिर बंदरिया भटगांव में साफ़-सफाई की गई और जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण के विषय पर चर्चा की गई। इस अवसर पर स्थानीय सरपंच श्रीमती सुनीता बाई, सचिव रमेश कुशराम, रोजगार सहायक गोविंद वरकड़े सहित ग्राम पंच और ग्रामीणों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के अंत में सुंदर काण्ड का पाठ एवं गायन आरती का आयोजन किया गया, जो जल संरक्षण की दिशा में सामूहिक प्रयासों को प्रेरित करने वाला था। इस अभियान के माध्यम से जल संकट से निपटने के लिए स्थानीय समुदाय को जागरूक किया जाएगा और जल स्त्रोतों के संरक्षण की दिशा में सक्रिय कदम उठाए जाएंगे। जल गंगा संवर्धन अभियान, मध्यप्रदेश सरकार की जल संरक्षण में महती भूमिका को दर्शाता है, जो पूरे राज्य में एकजुट होकर जल स्त्रोतों की रक्षा करने का संकल्प लेता है।

## पीएम श्री विद्यालय सिंगारपुर में हुआ वार्षिकोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

**समय जगत, मंडला।** मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय भारत सरकार तथा लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के आदेशानुसार पी एम श्री एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगारपुर में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य जय बैरागी के मार्गदर्शन एवं अशोक वरकड़े के नेतृत्व में वार्षिक उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के समस्त शैक्षणिक स्टॉफ की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ । वार्षिक उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की अध्यक्ष प्रभारी प्राचार्य जय बैरागी तथा विशिष्ट अतिथियों के द्वारा मां भारती भारत माता , वीणा वादनी, ज्ञान की देवी मां सरस्वती की तस्वीर में दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया । वार्षिकोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं ने बड़े ही हर्ष और उत्साह के साथ बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिए । कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के द्वारा देशभक्ति गीत , क्षेत्रीय गीत और आदिवासी संस्कृति पर आधारित लोकनृत्य में एकल , युगल तथा सामूहिक नृत्य पर अपनी मनमोहक नृत्य




प्रस्तुत कर संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम को चार चांद लगा दिए । सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रभारी प्राचार्य के द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किया गया । तत्पश्चात उपस्थित समस्त शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य जय बैरागी ने संबोधित किए उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वार्षिक उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शासन के आदेशानुसार शैक्षणिक कार्यो के साथ साथ छात्र छात्राओं में सर्वांगीण विकास करने और व्यक्तित्व विकास करने के लिए वार्षिक उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वार्षिक उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में शैक्षणिक स्टॉफ में महेश सरोते , आसिफ खान , हेमंत वरकड़े, गणेश परते , अशोक धुर्वे , मनोज कुडापे, देवेंद्र मार्को , मुरली पटेल , लवकेश कुमेश्वर, श्रीमती नीतू श्रीवास, चंद्र सिंह मसराम, सुश्री प्रियंका तेकाम, सुश्री पूजा बर्मन, श्रीमती अल्का जैन, श्रीमती सुलेखा चक्रवर्ती, श्री भाग सिंह उर्वे, श्रीमती सुनीता झारिया, विवेक सिंगोर, सुश्री श्रुति चौबे, श्रीमती वैशाली बोरकर, सुश्री सिया रहंगडाले, श्रीमती सरोज मिश्रा , आनंद यादव और समाजसेवी हीरा सिंह उइके तथा विद्यालय के पी टी आई और कार्यक्रम प्रभारी अशोक वरकड़े उपस्थित रहे ।

## हिन्दू नववर्ष पर मझौली जनपद में आयोजित हुआ कार्यक्रम

### कार्यक्रम में हावी रही अव्यवस्था, जनहित के मुद्दों पर सार्थक जवाब नहीं दे पाये सांसद

**रवि शुक्ला- समय जगत, मझौली।** जिले के जनपद मुख्यालय मझौली में रविवार को कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। जहां सांसद राजेश मिश्रा मुख्य अतिथि रहे जबकि क्षेत्रीय विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं जनपद अध्यक्ष सुनैना सिंह के स्वागत भाषण से हुई। साथ ही अतिथियों का माल्यार्पण से स्वागत किया गया। अपने संबोधन में विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने हिंदू नव वर्ष की सभी को शुभकामना दी।आगे कहा कि मझौली के लिए सौगात के रूप में 50 विस्तरीय सिविल अस्पताल स्वीकृत की गई है जिसके निर्माण से क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा बेहतर रहेगा। वहीं मझौली में बाईपास सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण करने एवं जनपद मुख्यालय में बाउंड्री का निर्माण को पूर्ण करने के लिए जोर देते हुए उपखंड अधिकारी को मामले का निराकरण करने को कहा वहीं सांसद से जनपद मझौली में बैठक हाल के लिए,उप पंजीयक कार्यालय संचालित करने,बंद पड़ी सिंचाई परियोजना जिसमें सेहरा एनिकट,जमधर एनिकट एवं अन्य को चालू करने,एन एच कटनी सिंगरौली रोड को बाया मझौली होकर निर्माण करने एवं 4 वर्षों से बंद कटनी चोपन पैसेंजर गाड़ियों को अविलंब संचालित किए जाने की मांग की गई। सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने अपने संबोधन में जहां उपस्थित जन




समुदाय एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक की सराहना की और कहा कि मेरा प्रयास होगा विकास के मामले में धौहनी विधानसभा प्रदेश स्तर में पहले पायदान पर रहे।वहीं विधायक द्वारा की गई मांगों को पूरा करने के लिए आश्वासन दिया गया। आयोजित कार्यक्रम में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत डांगा के लामी पाटी में नवीन तालाबों के निर्माण का भूमि पूजन किया गया। वही दिव्यांग जनों को एलिमको कंपनी के द्वारा निर्मित सहायक उपकरण जिसमें बैटरी चालित ट्राई सिकिल प्रदान की गई एवं साधारण ट्राईसिकिल के साथ अन्य उपकरण प्रदान किए गए।विगत 6 मार्च को आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में सामाजिक जन सहयोग से एकत्रित राशि से 149 नव विवाहिताओं को एक पंखा एक शुद्ध पेयजल के लिए कैम्पर एवं डिनर सेट के साथ 49 हजार रुपए के चेक सभी को प्रदान किए गए। सांसद ने क्षेत्रीय भाषा में उद्बोधन दिया वहीं दूसरी ओर जब मीडिया द्वारा जनहित के मुद्दों पर सवाल किया गया तो उनका गोल-मोल जवाब चर्चा का विषय बना रहा,मीडिया ने सवाल किया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मझौली में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था से लोग आए दिन परेशान रहते हैं जबकि जिम्मेदार नदारत रहते हैं इसमें कैसे सुधार होगा, तो उनके द्वारा डॉक्टर भर्ती प्रक्रिया की बात बताने लगे जबकि सीधा सवाल मझौली सीबीएमओ की लापरवाही पर था लेकिन सांसद एक भी शब्द नहीं बोले, दूसरा सवाल महाविद्यालय मझौली में एक दशक पूर्व से निरस्त परीक्षा केंद्र को पुनःस्वीकृत करने के लिए क्या प्रयास करेंगे जिसका जवाब कोर्ट में मामला होना बताया गया सीधी सांसद से मीडिया को कोई ठोस एवं सार्थक जबाव नहीं मिला। एक तरफ जहां कार्यक्रम को वृहद रूप देने के लिए कार्य योजना बनाई गई थी जिसके लिए बकायदा बजट भी जारी किया गया होगा लेकिन व्यवस्था की पोल उस समय खुल गई जब उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार को बैठने के लिए कुर्सी नहीं मिली और ना ही प्रथम पंक्ति में जगह मिली जिससे काफी देर तक वे परेशान नजर आए लोगों के कहने पर भले ही बाद में कुर्सी की व्यवस्था कर दी गई। लेकिन मझौली तहसीलदार को कार्यक्रम के अंत तक उचित स्थान नहीं मिला,लोगों ने यह भी बताया था कि उन्हें सुबह 11 बुलाया गया था जिससे इस उम्मीद के साथ आए थे कि नाश्ता वगैरह उपलब्ध कराया जाएगा लेकिन उन्हें मायूसी ही हाथ लगी।

# उप मुख्यमंत्री ने संभाग की प्रथम कैथलैब का किया शुभारंभ

समय जगत,हरदा। बीएचआरसी ग्रुप द्वारा संचालित बघेल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर हरदा द्वारा नर्मदापुरम संभाग की प्रथम कैथलैब का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने शिलान्यास का लोकार्पण कर कैथलैब मशीन का उद्घाटन किया। श्री शुक्ल ने बीएचआरसी ग्रुप द्वारा प्रदेश के तीन जिलों में दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की प्रशंसा की तथा इसी तरह उन्नति करने के लिए बधाइयां प्रेषित की। उन्होंने स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी आयुष्मान योजना पर भी प्रकाश डालते हुए इसके सकारात्मक परिणाम पर अपनी बात रखी। बीएचआरसी ग्रुप के डायरेक्टर तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ विशाल सिंह बघेल ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए कैथलैब की आवश्यकता एवं इसके द्वारा होने वाले हृदय रोग




के इलाज के बारे में बताया। इस कैथलैब का संचालन हृदय रोग की स्पेशलिस्ट एवं गोल्ड मेडलिस्ट डॉ शैली राठी माहेश्वरी द्वारा किया जाएगा। इसके अंतर्गत एंजियोप्लास्टी तथा एंजियोग्राफी की सुविधा अब हरदा में ही संभव हो सकेगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री कमल पटेल, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज जोशी, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हितेश वाजपेयी, हरदा के विधायक डॉ आर के दोगने, बीडीए के उपाध्यक्ष सुनील पांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा, टिमरनी पूर्व विधायक संजय शाह, उदयपुर के प्रिंसिपल सीएमओ डॉ राजेश भराड़िया, सेज अपोलो के धनंजय कुमार व अन्य उपस्थित रहे। बीएचआरसी ग्रुप के मेडिकल सुप्रीटेंडेंट डॉ सुनीत गौर ने आभार व्यक्त करते हुए बीएचआरसी ग्रुप द्वारा आयुष्मान योजना के अंतर्गत दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ पूनम सिंह राजपूत तथा ईश्वर विश्नोई ने किया। कार्यक्रम में डॉ आकांक्षा बघेल, डॉ शैली राठी माहेश्वरी, डॉ अंशुम राठी, श्रीमती पूनम गौर, डॉ राकेश पटेल, डॉ यशली ठाकुर, नरेंद्र राठी, डॉ ओपी गुर्जर, डॉ वीरेंद्र यादव, डॉ वीरेंद्र धनगर, डॉ कपिल विश्नोई, डॉ आदर्श शुक्ला, डॉ नीतिश बघेल, डॉ रोहित बांके, गुलाबचंद पटेल, सुधीश गौर, विनय बघेल व अन्य उपस्थित रहे।

# बाड़ी वाला बाड़ी खोल, बाड़ी की किवाड़ी खोल...

## ज्वारे रूपी माता के दर्शन-पूजन कर लिया आशीर्वाद

खरगोन। बाड़ी वाला बाड़ी खोल, बाड़ी की किवाड़ी खोलछोरिया आयी दूब न। गौर, गणगौर माता खोल किवाड़ी, बाहर ऊबी थारी पूजन वारी..., झटापट आजा म्हारी फूलझड़ी मालण की बाड़ी में। मालण की बाड़ी में, केसर की क्यारी में। झटापट आजा म्हारी फूलझड़ी मालण की बाड़ी में..., म्हारो त्रिलोकी को नाथ परिणीबा चाल्यो गोरा ने.. जैसे झालरिया गीतों के साथ ही रनुबाई ओर धनियर राजा के जयकारों के साथ सोमवार को ज्वारे रूपी माता की पवित्र बड़ियां दर्शनार्थ खोली गई। इसके साथ ही आगामी 5 दिवसीय गणगौर पर्व की शुरुआत भी हो गई। शहर के भटवाड़ी मोहल्ला स्थित गणगौर भवन में सुबह करीब 7 बजे बाड़ी खोली गई। बाड़ी खुलते ही दर्शनार्थ श्रद्धालुओं की कतारें लग गई। बाड़ी सेविका सन्ध्या नाइक ने बताया चैत्र नवरात्र में एक तिथि का क्षय होने से नवरात्र के दूसरे दिन बाड़ी खोली गई। सुबह से दोपहर तक पूजन का क्रम चला इसके बाद श्रृंगारित रथों में श्रद्धालु माता को शोभायात्रा के रूप में अपने. अपने घर ले गए जहां कुटुम्ब परिवार के साथ पूजन



किया। इसके अलावा शहर के अन्य इलाकों में भी बाड़ी खुली जबकि कई स्थानों पर मंगलवार को भी बाडिया खुलेंगी। माता की हरी भरी बाड़ी में श्रद्धालुओं ने चुनरी ओढ़ाकर आशीर्वाद लिया। जिन क्षेत्रों में सोमवार बॉडी खुली वहां की माता को मंगलवार पानी पिलाने तटों, तालाबो पर ले जाया जाएगा जबकि मंगलवार खुलने वाली बाड़ी में बुधवार भृमण, गुरुवार रथ बौड़ाने ओर शुक्रवार विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। इन 5 दिनों तक समूचे अंचल में माता को बेटी के रूप में पूजा जाकर अंतिम दिन धनियर राजा के साथ ससुराल विदा किया जायेगा।

## सार-समाचार

### भाजपा मंडल लालगांव की कार्यकारिणी घोषित



रीवा। लालगांव - मंडल अध्यक्ष लालगांव सुनील पांडे ने जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता की अनुशंसा सांसद जनार्दन मिश्रा एवं विधायक नरेंद्र प्रजापति की सहमति पर मंडल की कार्यकारिणी घोषित की है। जिसमें गौरव शुक्ला, संजय खरे, मुनेंद्र सोनी, कामता यादव, संगीता पटेल, शोभा जयसवाल को उपाध्यक्ष संतोष पटेल गोपनीथ साकेत को महामंत्री, इंद्रमणि तिवारी, धर्मेन्द्र सिंह, जयप्रकाश तिवारी, ज्योति साकेत, आशा विश्वकर्मा, मीनू कोल को मंत्री व कोषाध्यक्ष मुकेश सिंह को बनाया गया है। कल्पना वर्मा, रामजी जायसवाल, बृजेश अवस्थी, रामानंद पटेल, रमाकांत भारती, श्रीमति कृष्णावती पटेल, अमृत लाल प्रजापति, श्रवण मिश्रा, बुद्धसेन पटेल, बुध्दसेन यादव श्यामलाल साकेत शंकर सेन वैभव सिंह देवेंद्र तिवारी गोविंद गुप्ता शीतल सोनी पूरनलाल पाठक संतोष पांडे रामचंद्र तिवारी दिवाकर मिश्रा वीरेंद्र सिंह राघवेंद्र तिवारी सूर्यमणि विश्वकर्मा उमेश पांडे उर्मिला प्रसाद गौतम अखिलेश गौतम, सीएम सिंह, गुड़िया विश्वकर्मा, ललुआ कोल, रीना गुप्ता, प्रीति रूपा, अमरेश, दिनेश सिंह कमलेश सुंदरियां कोल सावित्री साकेत प्रीति साकेत, सोनिया त्रिपाठी, आशा कोरी, सुलेखा मिश्रा, गुलाबबती साकेत प्रमोद पाण्डेय, राखी सेन आदि सम्मिलित किए गए हैं।

### सही मार्गदर्शन बनाता है विद्यार्थियों को सफल : विधायक डॉ दोगने




समय जगत,हरदा। हिन्दू नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्र के अवसर पर नगर के जीपी मॉल में फीता काट कर आकाश इंस्टीट्यूट का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर हरदा विधायक डॉ आरके दोगने, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ प्रभुशंकर शुक्ला, रीजनल हेड आकाश इंस्टीट्यूट जेन थॉमस जॉन उपस्थित रहे। विधायक डॉ आरके दोगने ने कहा कि उचित मार्गदर्शन विद्यार्थियों को सफल बनाता है। आकाश इंस्टीट्यूट से विद्यार्थी मार्गदर्शन प्राप्त कर हरदा का नाम रोशन करे। साहित्यकार डॉ प्रभुशंकर शुक्ला ने कहा कि विद्यार्थी दृढ़ संकल्प लें वहीं अनुशासन का भी पालन करें। इस दौरान आकाश इंस्टीट्यूट के रीजनल हेड थॉमस जॉन ने इंस्टीट्यूट की जानकारी देते हुए कहा कि विद्यार्थी अपना उद्देश्य निर्धारित करे, हम उचित मार्गदर्शन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि संस्थान नीट, आईआईटी जेईई परीक्षा की तैयारी के लिए जयपुर, प्रयागराज एवं इंदौर से बेहतर फेकल्टी स्थानीय स्तर पर उपलब्ध करा रहा है। कार्यक्रम का संचालन मनोज श्रीवास ने किया। आभार नरेंद्र सिंह तोमर ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में मनीष विश्वकर्मा, लक्ष्मण सिंह राजपूत, नरेंद्र सिंह राजपूत, दिग्विजय सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं उनके माता पिता, शिक्षक उपस्थित रहे।

### नशे के फुटकर विक्रेताओं की धरपकड़ शुरू

रीवा। नशे पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने अब फुटकर विक्रेताओं की धरपकड़ शुरू की है। इनके माध्यम से पुलिस नशे के मुख्य सप्लायरों को रडार पर लेने का प्रयास कर रही है। पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने सभी थाना प्रभारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। रविवार को विवि पुलिस ने आरोपी राजमणि प्रजापति पिता दद्दी निवासी बरा कोठार को पकड़ा है। यह गांजा की पुडिया बनाकर विक्री करता था। आरोपी के पास से 751 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। इसे पूर्व में सिविल लाइन पुलिस ने कबाड़ी मोहल्ले से गिरफ्तार किया था। जवा पुलिस ने एक व्यक्ति को दुकान में गांजा की पुडिया बेचते पकड़ा था। आरोपियों से पूछताछ कर पुलिस सप्लायर के संबंध में जानकारी जुटा रही है। उनके पास गांजा पहुंचाने वाला आरोपी कौन था उसका पता लगाकर पुलिस सप्लाई चेन को तोडने का प्रयास कर रही है।

# मान्यता के धर्मसंकट में फंसी शालाओं में अब कैसे मनाया जायेगा स्कूलों में प्रवेश उत्सव

रीवा। एक अप्रैल 2025 से नये शिक्षण सत्र का शुभारंभ होन जा रहा है। इसी के साथ सभी शासकीय और अशासकीय स्कूलों में प्रवेश उत्सव का भी आयोजन किया जायेगा। किन्तु इस जिले में पांच सौ से अधिक प्राईवेट स्कूलों की मान्यता को लेकर अभी तक निर्णय नहीं हो पाया है। ऐसी स्थिति में जो पालन अपने बच्चों को निजी स्कूलों प्रवेश दिलवाना चाहते हैं उनके सामने संकट यह खड़ा हो रहा है कि जिले में मान्यता प्राप्त शालायें कौन सी हैं और कितनी हैं जिन्हें मान्यता मिली है या जिनकी मान्यता अभी तक नहीं मिल पाई है। यदि ऐसी शालाओं को मान्यता नहीं मिलती और वहां प्रवेश हो जाते हैं तो इसके लिये जिम्मेदार कौन होगा? जिला शिक्षा केन्द्र रीवा की तरफ से भी मान्यता को लेकर अभी तक कोई सूचना सार्वजनिक नहीं की गई है किप्रवेश को लेकर पालकों को क्या करना चाहिये। सवाल यह भी है कि जिन प्राईवेट शालाओं को मार्च महीने में मान्यता नहीं मिल पाई वे नये शिक्षण सत्र में प्रवेश उत्सव कैसे मनायेगे। किस आधार पर वे पहली कक्षा मे बच्चों को प्रवेश देंगे। क्योंकि गाईडलाईन में बिन्दु यह भी था कि जिन शालाओं को निर्धारित समय सीमा में मान्यता नहीं मिलती।

## हर विद्यार्थी का शाला में प्रवेश करायें सुनिश्चित: कलेक्टर प्रतिभा पाल

# जिले में स्कूल चलें हम अभियान आज से

समय जगत, रीवा। प्रदेश के साथ-साथ में जिले में भी नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2025-26 की शुरूआत एक अप्रैल से स्कूल चलें हम अभियान के रूप में की जायेगी। अभियान के दौरान एक से चार अप्रैल तक प्रतिदिन शालाओं में कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किये हैं। अभियान के दौरान सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। उन्होंने कहा है कि हर विद्यार्थी का शाला में प्रवेश सुनिश्चित करायें। जिला-शाला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम चयनित शाला में होगा। कार्यक्रम में सांसद, विधायक एवं अन्य जन-प्रतिनिधि शामिल होंगे। उपस्थित छात्र-छात्राओं को निश्शुल्क पाठ्य-पुस्तकें वितरित की जायेंगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने ऐसी व्यवस्था की है कि नये शैक्षणिक सत्र की शुरूआत में विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तकें मिल जायें। ग्राम और बसाहट के शाला से बाहर रहे चिन्हित बच्चों का शाला में नामांकन कराया जायेगा। बच्चों के अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जायेगा। कक्षा-1 से 8 तक सभी शालाओं में एक अप्रैल को बालसभा का आयोजन किया जायेगा। इस दिन शालाओं में विशेष भोजन की व्यवस्था भी की गयी है।

**भविष्य से भेंट कार्यक्रम:** स्कूल चलें



हम अभियान के दूसरे दिन शालाओं में ÷भविष्य से भेंट'' कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध और सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट के लिये आमंत्रित किया जायेगा। इसी दिन स्थानीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धियाँ हासिल करने वाले खिलाड़ी, साहित्यकार, कलाकार, मीडिया, संचार मित्रों, पुलिस अधिकारी, राज्य शासन के अधिकारी को विशेष रूप से आमंत्रित किया जायेगा। आमंत्रित अतिथि उपस्थित बच्चों को पढ़ाई के महत्व और प्रेरणादायी कहानियाँ सुनायेंगे। इस दौरान सामाजिक संस्था एवं आमंत्रित व्यक्ति स्वैच्छा से विद्यार्थियों को शाला उपयोगी वस्तुएँ भेंट कर सकेंगे। जिले के प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों को किसी एक शाला में जाकर एक कालखण्ड में बच्चों के साथ संवाद करने के लिये संवाद करने के भी निर्देश दिये गये हैं।

**सांस्कृतिक एवं खेल-कूद गतिविधियाँ:** स्कूल चलें हम अभियान÷ के अंतर्गत 3 अप्रैल को शाला स्तर पर पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेल-कूद की गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी। इसका उद्देश्य पालकों का विद्यालय से जुड़ाव करना है। इसी दिन शाला में उपस्थित पालकों को शैक्षणिक स्टॉफ द्वारा राज्य सरकार की स्कूल शिक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। पिछले शैक्षणिक सत्र में जिन विद्यार्थियों की 85 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति रही है, उनके पालकों को सभा में सम्मानित किया जायेगा।

**हार के आगे जीत:** ÷स्कूल चलें हम अभियान÷ के अंतर्गत 4 अप्रैल को ऐसे छात्रों को चिन्हित किया जायेगा, जो किन्हीं वजहों से कक्षोन्नति प्राप्त करने में असफल हो गये हैं। पालकों को इन बच्चों की आगे की पढ़ाई के लिये समझाइश दी जायेगी। इसी दिन शाला प्रबंधन और विकास समिति की बैठक भी होगी। बैठक में नये शैक्षणिक सत्र में ऐसे बच्चों पर विशेष रूप से चर्चा की जायेगी, जिनका शालाओं में नामांकन नहीं हो पाया है। समिति के सदस्य अपने विद्यालयों में शत-प्रतिशत बच्चों के नामांकन की कोशिश करेंगे और वार्षिक कार्य-योजना बनाकर उसके क्रियान्वयन पर चर्चा करेंगे।

### बीएड कॉलेज में चल रही है राष्ट्रीय स्तर की शोध कार्यशाला

रीवा। शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय रीवा में विकसित भारत अभियान की श्रृंखला में राष्ट्रीय शोध कार्यशाला का आठवां दिवस पूर्ण हुआ। इस राष्ट्रीय शोध कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में एनसीटीई के पूर्व अध्यक्ष एवं देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के शिक्षा संकाय के सेवानिवृत्त अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष प्रो. दयानंद सनसनबाल अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रो. सनसनवाल ने अपनी सेवानिवृत्ति उपरांत 2004 से 2008 तक भारतीय प्रबंधन संस्थान इंदौर में व्यावसायिक शोध विधि एवं संख्यात्मक तकनीक विषय पर अध्यापन कार्य किया है। सनसनवाल ने अपने व्याख्यान में टी परीक्षण, दो संबंधित मध्यमानों के अंतर की सार्थकता, एक पुच्छ त्रुटि एवं दो पुच्छ त्रुटि, मध्यमान तथा प्रमाणिक विचलन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। आपके अनुसार दो मध्यमानों के अंतर की सार्थकता के परीक्षण हेतु टी अनुपात की गणना कर लेने पर इसकी सार्थकता देखी जा सकती है। टी अनुपात की सार्थकता के निर्धारण के लिए अनुसंधान कार्यों में प्राय: 0.05 तथा 0.01 सार्थकता स्तरों का उपयोग किया जाता है। यदि दिए गए स्वतंत्रता की कोटि पर परिकलित मान सारणी में दिए गए 0.05 स्तर के मान से कम है तो परिकलित मान सार्थक नहीं होगा और यदि दिए गए स्वतंत्रता की कोटि के लिए परिकलित मान सारणी में दिए गए 0.01 स्तर के मान के बराबर या अधिक हो तो 0.01 स्तर पर परिकलित मान सार्थक होगा।

# हरदा कलेक्टर के आदेश के बाद भी जल रही नरवाई, प्रशासन की लापरवाही से जनता परेशान : अमर रोचलानी

समय जगत,हरदा। बीती रात शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों में नरवाई (फसल अवशेष) जलाने से जहरीला धुआं फैल गया, जिससे नागरिकों को आंखों में जलन, सांस लेने में कठिनाई और गले में दर्द जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ा। जबकि कलेक्टर द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नरवाई जलाने पर प्रतिबंध के आदेश जारी किए गए थे, लेकिन हकीकत यह है कि आदेश जारी होने के बावजूद प्रशासन इसे लागू करवाने में पूरी तरह विफल रहा है।प्रशासनिक आदेश केवल औपचारिकता बनकर रह गए, हर साल नरवाई जलाने पर रोक लगाने के आदेश दिए जाते हैं, लेकिन मैदानी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। ऐसा प्रतीत होता है कि यह आदेश सिर्फ कागजों तक सीमित हैं और प्रशासन आदेश जारी करने के बाद इसे पूरी तरह भूल जाता है। गांव-गांव में नियुक्त कोटवारों को इसकी जानकारी होती है कि कहां खेतों में आग लगाई जा रही है, फिर भी वे कोई सूचना नहीं देते और न ही कार्रवाई होती है।कोटवारों से सर्वे करवाकर



दोषियों की पहचान हो सकती है, हर गांव में एक कोटवार नियुक्त होता है, जो अपने क्षेत्र की हर गतिविधि से अवगत रहता है।

यदि प्रशासन इच्छाशक्ति दिखाए तो कोटवारों के माध्यम से सर्वे करवाकर यह आसानी से पता लगाया जा सकता है कि किसने अपने खेत में आग लगाई है, क्योंकि आग लगने के बाद पूरा खेत काला हो जाता है और उसकी पहचान करना मुश्किल नहीं होता।लेकिन जब कोई सख्त कार्रवाई नहीं होती, तो किसानों को भी कोई डर नहीं रहता और वे बेधड़क नरवाई जलाते हैं, जिससे पूरे जिले में वायु प्रदूषण और जनस्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ता है।विपक्ष की प्रशासन से मांग, नगर पालिका परिषद के नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी ने प्रशासन से मांग की है कि नरवाई जलाने की घटनाओं पर तत्काल कार्रवाई की जाए और दोषियों पर जुर्माना लगाया जाए, कोटवारों को निर्देशित किया जाए कि वे खेतों में आग लगाने वालों की जानकारी प्रशासन को दें, ताकि उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जा सकें।प्रदूषण नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं ताकि शहरवासियों को इस तरह की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना न करना पड़े।नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी ने इस संबंध में कलेक्टर को पत्र लिखकर शिकायत की है। अब देखना यह होगा कि कलेक्टर महोदय इस पर क्या कार्रवाई करते हैं।अगर प्रशासन केवल आदेश जारी करके इसे भूल जाता है और कोई ठोस कार्रवाई नहीं करता, तो नगर पालिका परिषद के विपक्षी पार्षद इस मुद्दे को लेकर जल्द ही बड़ा विरोध दर्ज कराएंगे। उक्त बाते अमर रोचलानी नेता प्रतिपक्ष, नगर पालिका परिषद, हरदा ने कही।

# ईद की नमाज अता कर कि अमन- चैन की दुआ, दिनभर चला दावतों का दौर



खरगोन। 30 दिनों तक इबादत के बाद सोमवार वह दी आ गया जिसका हर मुस्लिमजन को ईतजार था। चाँद नजर आने के बाद शहर में उत्साह के साथ ईद.उल.फितर का त्यौहार मनाया गया। ईद की पहली व मुख्य नमाज ईदगाह पर सुबह 7.45 बजे हुई। यहां मौलाना लुकमान काटी ने ईद की विशेष नमाज अता कराई। करीब 20 हजार से अधिक लोगो ने नमाज के बाद एकसाथ देश और प्रदेश की खुशहाली व अमनो.अमान के लिए सामूहिक रूप से दुआ मांगी। इसके बाद लोगों ने एक.दूसरे को गले मिल ईद की मुबारकबाद दी। घर के बड़े लोगो ने बच्चों को ईद मुबारक कहते ही उन्हें ईदी देकर उत्साह बढ़ाया। जिले में नमाज के लिए सभी जगह विशेष प्रबंध किए गए थे। रविवार को चांद का दीदार होने के बाद सोमवार को ईद मनाई गई। शहर में लगभग आधा दर्जन जगह ईद की नमाज अता की गई। कब्रिस्तान ओर आनन्द नगर स्थित बड़ी ईदगाहए तालाब चौक जामा मस्जिदए दारुल उलूम सहित शहर भर की छोटी बड़ी मस्जिदों में अलग अलग समय पर नमाजे हुई। यहां बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के नागरिकों ने पहुंचकर ईद की नमाज अता की। नमाज के बाद शिर खुरमे की दावतों का दौर चला। मौलाना कारी ने बताया ईद का तात्पर्य है खुशी। फितर का अभिप्राय है दान। ईद ऐसा दान.पर्व हैए जिसमें खुशी बांटी जाती है और जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं उन्हें फितरा (दान) दिया जाता है।

## हम सभी वैश्य बन्धुओं के लिए गर्व की बात, दृढ़ निश्चय एवं विकासवादी सोच को बताया गया जरूरी

# वैश्य दिवस पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता का वैश्य समाज द्वारा भव्यतापूर्वक किया गया सम्मान

रीवा। हिन्दू नववर्ष मिलन एवं वैश्य दिवस का कार्यक्रम वैश्य समाज रीवा द्वारा 30 मार्च 2025(रविवार) को कॉलेज रोड रीवा स्थित 'मानस भवन'' में रात्रि 8.00 बजे भाजपा के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष श्री वीरेन्द्र गुप्ता जी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता एड0 श्रीकृष्ण गुप्ता ने की तथा विषिष्ट अतिथि के रूप में वैश्य महासम्मेलन के संभागीय अध्यक्ष अतुल जैन, जिलाध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, महिला इकाई की संभागीय अध्यक्ष श्रीमती गायत्री गुप्ता, जिलाध्यक्ष नीलम चौरसिया युवा इकाई के संभागीय अध्यक्ष सुमित गुप्ता, नगरपालिक निगम रीवा की पूर्व महापौर श्रीमती ममता गुप्ता, समाजसेवी महेन्द्र सर्राफ संजय गुप्ता, जगन्नाथ साहू, तथा वैश्य समाज के विभिन्न घटको के अध्यक्ष उपस्थित रहें। कार्यक्रम का सफल संचालन वंशीलाल साहू तथा अतुल अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत वैश्यकुलदेवी माता महालक्ष्मी जी के चित्र के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर हुई। तत्पश्चात आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा आमंत्रित अतिथियों का पुष्पहारों से स्वागत किया गया है। तथा नन्ही मुन्नी बालिका कु0 जानू साहू ने मनमोहक स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन समिति के प्रकाश गुप्ता केसरिया ने आमंत्रित अतिथियों एवं उपस्थित वैश्य बन्धुओं एवं मातृशक्तियों को हिन्दू नववर्ष एवं वैश्य दिवस की शुभकामनायें देते हुए स्वागत उद्बोधन में कहा कि-हम सभी वैश्य बन्धुओं के लिए गर्व की बात है कि हमारे बीच से भारतीय जनता पार्टी ने मान्नीय वीरेन्द्र गुप्ता जी का जिलाध्यक्ष के रूप में चयन किया । उनके जिलाध्यक्ष बनने से वैश्य समाज के विकास की एक नई दिशा प्रदान होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्त ने मंचासीन अतिथियों, उपस्थित वैश्य बन्धुओ एवं




मातृशक्तियों को हिन्दू नववर्ष एवं वैश्य दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि- यह सौभाग्य की बात है कि वैश्य कुल में मेरा जन्म हुआ। प्रारंभिक शिक्षा उपरांत वर्ष 1980 में मैंने भारतीय जनता पार्टी बजरंग दल से अपने राजनैतिक कैरियर की शुरूआत की आप सभी वैश्य बन्धुओं के निरंतर सहयोग से पहले महापौर की जिम्मेदारी मिली फिर पार्टी के कई महत्पूर्ण दायित्वों का निर्वहन करते हुए पार्टी द्वारा जिलाध्यक्ष की यह जिम्मेदारी सौपी गई है। मेरे यहां तक के सफर में मेरे परिवारजनों के साथ जिले में निवासरत वैश्य समाज के विभिन्न घटको का विशेष योगदान रहा है। आप सभी वैश्य बन्धुओं का मैं हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आशा करता हूँ कि भविष्य में भी आप सभी का इसी तरह स्नेह और प्यार मिलता रहेगा।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित संभागीय अध्यक्ष अतुल जैन, जिलाध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, पूर्व महापौर श्रीमती ममता गुप्ता, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष एड0 सुनील अग्रवाल, तथा अध्यक्षता कर रहे एड0 श्रीकृष्ण गुप्ता ने उपस्थित वैश्य बन्धुओं को हिन्दू नववर्ष एवं वैश्य दिवस की शुभकामनाये देते हुए कहा कि संगठन शक्ति विकास का आधार है। दृढ निश्चय एवं विकासवादी सोच के साथ किया गया कार्य सफलता के नये आयाम उत्पन्न करता है। इस अवसर पर आयोजक मण्डल के सदस्यों का गलमाला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह् भेट नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता का सम्मान किया गया साथ ही केसरवानी समाज के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, पुरवार समाज के रमाकांत पुरवार, साहू समाज के लक्ष्मण साहू, तैलिक साहू समाज के विनय साहू, जैन समाज के राजेश जैन, खण्डेलवाल समाज के महेश खण्डेलवाल, हलवाई समाज के जगमोहन गुप्ता, ताम्रकार समाज के राजकुमार ताम्रकार, खरे वैश्य समाज के राजवली गुप्ता, कायस्थ समाज के शारदा प्रसाद श्रीवास्तव, गहोई समाज के सुरेश चन्द्र झुण्डेले, विश्नोई समाज के सुरेश विश्नोई, ओम प्रकाश गुप्ता, संजय गुप्ता तथा रामसेवक साहू को स्मृति चिन्ह् भेट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीमती साधना वीरेन्द्र गुप्ता, श्रीमती प्रतिभा ताम्रकार, श्रीमती वालेन्तीना जैन, गीता पुरवार, राजेन्द्र ताम्रकार, शरद साहू, दिनेश जैन, राकेश गुप्ता(बोदाबाग), अजय कुमार प्रधान, अम्बर निगम, संजीव गुप्ता, उपदेश पंसारी, शिव कुमार साहू, मनोज गुप्ता, निक्की मोदनवाल, अक्षय गुप्ता, सुरेश गुप्ता, अमर सर्राफनारायण ताम्रकार, सुधाकर जायसवाल, जीतेन्द्र शाह, राजेश साहु, मोहित गुप्ता, अतिशय जैन सहित सहित वैश्य समाज के सैकडों लोग सपरिवार उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# देश के विकास का सशक्त आधार है शिक्षा

शिक्षा किसी भी देश के समग्र एवं सर्वांगीण विकास का सशक्त आधार है। जब 1 अप्रैल, 2010 को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम (आरटीई अधिनियम) लागू हुआ, तो यह केवल एक कानून का जन्म नहीं था–यह भारत के हर बच्चे के लिए एक सुनहरे भविष्य का वादा था। यह एक ऐसी क्रांति की शुरुआत थी, जिसने शिक्षा को विशेषाधिकार की बेड़ियों से मुक्त कर इसे हर बच्चे का अधिकार बना दिया। पिछले 15 वर्षों में इस अधिनियम ने भारतीय शिक्षा के कैनवास पर ऐसी अमिट रेखाएँ खींचीं, जो सपनों को हकीकत में बदलने की उम्मीद जगाती हैं। सरकार ने गरीबी की अंधेरी गलियों में भटकते लाखों बच्चों को स्कूल का रास्ता दिखाया, अनगिनत योजनाओं के जरिए उनके कदमों को कक्षा तक पहुँचाया। सरकारी और निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत आरक्षण की नीति ने सामाजिक असमानता को तोड़ने का साहसिक कदम उठाया। इसका परिणाम साफ दिखा–प्राथमिक शिक्षा में नामांकन की बाढ़ आई, स्कूल छोड़ने की दर में कमी आई। यह बदलाव केवल आँकड़ों का खेल नहीं था, बल्कि उन मासूम आँखों में चमक थी, जो पहले स्कूल की चौखट को दूर से निहारती थीं। हालाँकि, यह राह सपनों जितनी रंगीन नहीं थी। ग्रामीण भारत में कई स्कूल आज भी उम्मीदों से कोसों दूर हैं–टपकती छतें, बिना बेंच की कक्षाएँ, और शिक्षकों की अनुपस्थिति ने इस क्रांति की रफ्तार को बार-बार रोका। शिक्षा की गुणवत्ता पर सवाल उठे, जिसके जवाब में सरकार को अपनी नीतियों को बार-बार तराशना पड़ा। शिक्षकों की भर्ती के लिए बड़े अभियान छेड़े गए, उनके प्रशिक्षण को नया आयाम दिया गया, ताकि कक्षा में पढ़ाई शब्दों का शोर न रहकर बच्चों के सपनों को उड़ान देने वाला प्रकाश बने। मगर संसाधनों की कमी और जमीनी हकीकत से दूरी ने इन कोशिशों पर बार-बार पानी फेरा। बिजली का अभाव, पानी की किल्लत, और किताबों-कॉपियों की कमी ने इस क्रांति को अधूरी कविता-सा बना दिया। सरकार की मंशा और बच्चों की उम्मीदों के बीच एक गहरी खाई बनती गई। फिर भी, माँ-बाप ने हार नहीं मानी। अपने बच्चों को स्कूल भेजा–पैरों में चप्पल न सही, मगर सपनों में उड़ान की चाह जरूर थी। लेकिन उनके मन में एक सवाल बार-बार कुलबुलाता रहा–क्या यह शिक्षा, जो टूटे स्कूलों और अधूरी व्यवस्थाओं के बीच पल रही है, उनके बच्चों की जिंदगी को सचमुच बदल पाएगी? क्या ये जर्जर दीवारें और खामोश कक्षाएँ उनके नौनिहालों के भविष्य को संवार सकेंगी? यह सवाल उनकी पुकार ही नहीं, बल्कि उस क्रांति की सच्चाई का आईना था, जो हर बच्चे को रोशनी देने का सपना लिए चल रही थी, पर हर कदम पर बाधाओं से जूझ रही थी। यह एक ऐसी कहानी थी, जिसमें कोशिशें थीं, जज्बा था, मगर मंजिल तक पहुँचने के लिए अभी लंबा रास्ता बाकी था। आज आवश्यकता इस बात की है कि शिक्षा का सर्वव्यापीकरण सिर्फ स्लोगनों तक ही सीमित न रहे बल्कि इसके लिये व्यापक स्तर पर प्रयास किये जायें।

# विकास के साथ सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण जरूरी

**सुरेश सेठ**

भारत एक बड़ा प्रजातंत्र है, जिसका संविधान धर्मनिरपेक्षता की शर्त के तहत वादा करता है कि यहां सभी धर्मों का सम्मान किया जाएगा और कट्टरवाद को त्यागा जाएगा। इसका उद्देश्य यह है कि लोग विभाजित होकर एक-दूसरे में वैमनस्य न फैलाएं। गंगा-जमुना संस्कृति का आदान-प्रदान केवल स्थान विशेष तक सीमित न रहे, बल्कि पूरे देश में लोगों को अपने पूर्वाग्रहों से मुक्त होकर एकता के सिद्धांत पर आधारित विकास के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए। सरकार ने भारत को एकजुट और सशक्त बनाने के लिए कई प्रयास किए हैं। सबसे पहले, जीएसटी के रूप में 'एक देश, एक कर' की व्यवस्था लागू की गई। इसके बाद, 'एक देश, एक चुनाव' का प्रस्ताव और एकीकृत सिविल कोड की स्थापना पर चर्चा की जा रही है। हिंदी को संपर्क भाषा के रूप में अपनाने का निर्णय लिया गया था, क्योंकि देश की अधिकांश आबादी इसे समझती है। हालांकि, दक्षिण भारत विशेषकर तमिलनाडु में इस पर विरोध है, जिससे हिंदी को वह दर्जा नहीं मिल सका जो अपेक्षित था। अगर हम 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' बनाना चाहते हैं, तो सबसे पहले हमें अपनी भाषा हिंदी को संपर्क भाषा के रूप में अपनाना चाहिए और इस रास्ते में किसी भी प्रकार के कटुता, सांप्रदायिकता या क्षेत्रीयवाद के अवरोध नहीं आने चाहिए। हमें अखंड भारत बनाने के लिए और भी बहुत से कदम उठाने होंगे।

अनुच्छेद 370 और 35-ए के उन्मूलन ने जम्मू-कश्मीर को शेष भारत से जोड़ा, जिससे वहां पर्यटन, तीर्थाटन और फिल्मों की शूटिंग फिर से शुरू हुई। यह भारत की एकता का प्रतीक है। हाल ही में बिहार दिवस को सार्वदेशिक रूप से मनाने की घोषणा की गई है, ताकि यह केवल बिहार तक सीमित न रहे, बल्कि पूरा देश इसे मनाए। बिहार की सांस्कृतिक धरोहर, जिसमें माता सीता, महात्मा बुद्ध, महावीर जैन, गुरु गोबिंद सिंह और आर्यभट्ट की जन्मभूमि की गरिमा भी शामिल हैं, को राष्ट्रीय धरोहर के रूप में स्वीकार किया गया। यह क्षेत्रीयता की सीमाओं से परे जाकर भारतीय संस्कृति की एकता को बढ़ावा देने का कदम है। सरकार ने 'एक देश, एक उत्सव' और 'एक देश, एक राशन कार्ड' जैसे कदम उठाए हैं, जो राष्ट्रीय एकता और समावेशिता को बढ़ावा देते हैं। एक राशन कार्ड से देशभर में राशन प्राप्त करने की सुविधा से एक राज्य के लोग अन्य राज्यों में भी सस्ता राशन प्राप्त कर सकते हैं, जिससे उन्हें रोजगार के नए अवसर मिलते हैं। इसके साथ ही, कई राज्यों में रहने वाले लोग मतदान में भाग नहीं ले पाते क्योंकि वे रोजगार की तलाश में दूर जाते हैं। एक उदाहरण के रूप में स्थिति यह है कि बिहार में रह रहे मूल लोगों के कुल वोटों का 45 प्रतिशत ही मतदान कर पाता है। इस तरह कम मतदान प्रतिशत के कारण एक मजबूत लोकतंत्र का निर्माण नहीं हो रहा। वहीं 'एक देश, एक उत्सव' के विचार से यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि हर राज्य का सांस्कृतिक महोत्सव पूरे देश में मनाया जाए, जिससे देश को सांस्कृतिक दृष्टि से एक सूत्र में बांधने में मदद मिलेगी। सत्तारूढ़ राजनेताओं का यह दावा कि एनडीए सरकार के तहत भारत एकीकृत और अखंड हुआ है, सच में कई विकासात्मक कदम उठाए गए हैं। बिहार जैसे पिछड़े राज्यों में प्राथमिकता के आधार पर विकास हुआ है, जैसे नए अस्पताल, इंजीनियरिंग और पॉलीटेक्निक कॉलेजों की संख्या में वृद्धि, और एयरपोर्टों की संख्या में इजाफा। हालांकि, यह सवाल उठता है कि इस समावेशी विकास के साथ हम भारत को एकता के सूत्र में कैसे बांध सकते हैं? जाति आधारित आरक्षण, जो जनगणना से जुड़े विवादों का मुख्य मुद्दा है, आज भी देश में एक बड़ी चुनौती है। देश के कई राज्यों में जातीय संघर्ष दुर्भाग्यपूर्ण है। जैसे मणिपुर में जातीय संघर्षों की स्थिति है। यह मैतेई और कुकी जाति का मसला ही नहीं बल्कि वहां छोटी-छोटी जनजातियां भी अपने लिए आरक्षण मांग रही हैं। इसके अलावा, उदार अनुकंपा की संस्कृति, जो मेहनत के बजाय मुफ्तखोरी को बढ़ावा देती है, इसको लेकर भी गंभीर चिंताएं हैं। हम 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' बनाने की बात तो करते हैं, लेकिन हमें यह समझना होगा कि केवल आर्थिक और भौतिक विकास से देश की एकता नहीं बन सकती। सामाजिक असमानताएं, बेरोजगारी, और वंचित वर्गों की अनदेखी विकास की राह में बाधा डाल रही हैं। आजादी की पौन सदी बीत चुकी है और हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। यदि हम भारत को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ शक्ति बनाना चाहते हैं, तो हमें उन गरीब और वंचित वर्गों को भी मुख्यधारा में लाना होगा, जिनकी आवाज़ अक्सर अनसुनी रह जाती है। तभी हम एक सशक्त और एकीकृत भारत का निर्माण कर पाएंगे।

# शक्ति, समय और संकल्पः नवरात्रि से संवत्सर तक की आध्यात्मिक यात्रा

## नजरिया

**माता दुर्गा की भक्ति का उत्सव और समय का नया चक्र एक साथ शुरू हो रहे हैं, मानो प्रकृति और परमात्मा मिलकर हमें एक महान संदेश दे रहे हों। हिंदू संस्कृति में संवत्सर कोई साधारण तिथि परिवर्तन नहीं, बल्कि समय की एक जीवंत कथा है। यह एक चक्र का समापन और दूसरे का प्रारंभ है, एक ऐसा कालखंड जो अपने नाम और स्वभाव से आने वाले दिनों की दिशा रचता है। इस बार का संवत्सर है कालयुक्त–एक ऐसा नाम जो सुनते ही मन में गहरे अर्थों की लहरें उठाता है, जैसे कोई प्राचीन मंत्र जो शक्ति और रहस्य से ओतप्रोत हो। काल वह शक्ति है जो समय को थामती है, परिवर्तन को जन्म देती है, और न्याय का पहिया घुमाती है। युक्त वह बंधन है जो सबको एक सूत्र में पिरोता है। कालयुक्त संवत्सर यानी वह समय, जो परिवर्तन और न्याय का एक स्वर्णिम संगम बनकर हमारे सामने खड़ा है। यह वर्ष हमें पुकारता है–समय के साथ कदम मिलाओ, कर्म को अपना आधार बनाओ, वरना यह चक्र तुम्हें पीछे छोड़ देगा। इस संवत्सर का प्रभाव ऐसा है, मानो कोई जादुई रंग जीवन के कैनवास पर बिखर रहा हो। ज्योतिष की दृष्टि से यह वर्ष उथल-पुथल और शांति का एक अनोखा मिश्रण है।**

**प्रो. आरके जैन**

जब सुबह की पहली किरण धरती को चूमती है, तो मानो स्वर्णिम आलिंगन में सृष्टि को बाँध लेती है। नव अंकुर मिट्टी को चीरकर जीवन की आहट सुनाते हैं, हवा में पत्तों की सरसराहट एक मधुर राग बनकर गूंजती है, और चारों ओर मंगल ध्वनियाँ एक पवित्र संगीत की तरह फैलने लगती हैं। यह वह क्षण है जब प्रकृति अपने पूरे वैभव के साथ नए समय का अभिनंदन करती है–एक ऐसी शुरुआत जो हृदय को आनंद और शक्ति से भर देती है। इस बार यह पल और भी अनुपम है, क्योंकि नवरात्रि की पावन घड़ी कालयुक्त नामक नव संवत्सर के साथ एक मधुर स्वर-लहरी में गूंज उठी है। यह संयोग मन को रोमांच से भर देता है–शक्ति और समय का एक अलौकिक मिलन, एक ऐसा नृत्य जो सृष्टि को नए रंगों से सजाने को तैयार है। माता दुर्गा की भक्ति का उत्सव और समय का नया चक्र एक साथ शुरू हो रहे हैं, मानो प्रकृति और परमात्मा मिलकर हमें एक महान संदेश दे रहे हों। हिंदू संस्कृति में संवत्सर कोई साधारण तिथि परिवर्तन नहीं, बल्कि समय की एक जीवंत कथा है। यह एक चक्र का समापन और दूसरे का प्रारंभ है, एक ऐसा कालखंड जो अपने नाम और स्वभाव से आने वाले दिनों की दिशा रचता है। इस बार का संवत्सर है कालयुक्त–एक ऐसा नाम जो सुनते ही मन में गहरे अर्थों की लहरें उठाता है, जैसे कोई प्राचीन मंत्र जो शक्ति और रहस्य से ओतप्रोत हो। काल वह शक्ति है जो समय को थामती है, परिवर्तन को जन्म देती है, और न्याय का पहिया घुमाती है। युक्त वह बंधन है जो सबको एक सूत्र में पिरोता है। कालयुक्त संवत्सर यानी वह समय, जो परिवर्तन और न्याय का एक स्वर्णिम संगम बनकर हमारे सामने खड़ा है। यह वर्ष हमें पुकारता है–समय के साथ कदम मिलाओ, कर्म को अपना आधार बनाओ, वरना यह चक्र तुम्हें पीछे छोड़ देगा। इस संवत्सर का प्रभाव ऐसा है, मानो कोई जादुई रंग जीवन के कैनवास पर बिखर रहा हो। ज्योतिष की दृष्टि से यह वर्ष उथल-पुथल और शांति का एक अनोखा मिश्रण है। समाज में नई हलचल होगी–पुरानी व्यवस्थाएँ धराशायी होंगी, नई नींवें मजबूत होंगी। शासन के गलियारों में नए चेहरे और समीकरण उभरकर चमकेंगे, धन-व्यवस्था की नाव ऊँची लहरों पर नृत्य करेगी। प्रकृति भी इस नाटक में अपनी भूमिका निभाएगी–कहीं वर्षा की मधुर झंकार गूंजेगी, कहीं सूखे की सन्नाटी छाएगी, तो कहीं हवा का तेज शोर सुनाई देगा। लेकिन इन सबके बीच एक सुनहरा प्रकाश चमकेगा–आस्था का तेज। लोग धर्म की ओर लौटेंगे, संस्कृति को हृदय से लगाएँगे। कालयुक्त संवत्सर एक गूंजती पुकार है–समय को पहचानो, परिश्रम को पूजो, और परिवर्तन को गले लगाओ। जो ऐसा करेगा, उसके लिए यह वर्ष अनमोल उपहारों का भंडार लेकर आएगा।




नवरात्रि का आगमन अपने आप में एक महोत्सव है–शक्ति का उन्माद, भक्ति का रंग, और साधना का प्रकाश। नौ रातें, जब हर घर माता दुर्गा की आराधना से मंदिर बन जाता है, और हर प्राण में एक नई ऊर्जा का संचार होता है। यह वह समय है जब हम अपनी भीतरी शक्ति को जगाते हैं, अपने भीतर के राक्षसों से युद्ध करते हैं। और जब यह पावन पर्व कालयुक्त संवत्सर के साथ शुरू होता है, तो यह क्षण और भी चमकदार हो उठता है। यह ऐसा है जैसे माता दुर्गा समय के स्वर्णिम रथ पर सवार होकर हमें आशीर्वाद देने उतरी हों। जैसे उन्होंने महिषासुर को परास्त किया, वैसे ही यह समय हमें अपने अज्ञान, आलस्य और अहंकार को कुचलने की शक्ति देता है। यह संयोग एक शंखनाद है–नया समय आ गया है, नई शुरुआत का क्षण है। यह संवत्सर और नवरात्रि का संगम हर स्तर पर बदलाव का वादा करता है। व्यक्तिगत जीवन में यह हमें अपने लक्ष्यों को नए सिरे से गढ़ने का अवसर देता है। समाज में यह जागृति की लहर लाएगा, और राष्ट्र के लिए यह प्रगति का एक नया अध्याय रचेगा। 30 मार्च 2025 को शुरू होने वाली यह यात्रा कोई साधारण तिथि नहीं, बल्कि एक नई सुबह का स्वर्णिम आलोक है। इस दिन शुरू होने वाला हर कार्य सफलता की सुगंध से महकेगा, बशर्ते हम इसे पूरे मन से अपनाएँ। यह समय हमें पुकारता है–अपने स्वप्नों को पंख दो, अपने संकल्प को अटल करो, और इस नए चक्र के साथ कदम मिलाओ। ज्योतिषी बताते हैं कि कालयुक्त संवत्सर में धर्म का झंडा ऊँचा लहराएगा। शासन नई नीतियाँ लाएगा, जो समाज को नई राह दिखाएगा। धन के क्षेत्र में उत्साह और चुनौतियाँ साथ-साथ दौड़ेंगी। प्रकृति का स्वभाव भी बदलता रहेगा–कभी कोमल वर्षा की झंकार, कभी उग्र तूफानों का शोर। लेकिन इस सबका मूल मंत्र एक ही है–समय। जो समय को समझेगा, संयम से चलेगा, और कर्म को गले लगाएगा, उसके लिए यह वर्ष एक चमकदार कृति बन जाएगा। यह संवत्सर हमें सिखाता है कि जीवन का हर पल अनमोल है, और इसे व्यर्थ गँवाना सबसे बड़ा अपराध। यह शुभ संगम हमें कुछ अनमोल सबक देता है। यह कहता है–परिवर्तन से भय मत करो, उसे अपना सहचर बनाओ। समय को अपना गुरु मानो, क्योंकि वही तुम्हें मार्ग दिखाता है। कर्म को अपना धर्म बनाओ, क्योंकि वही तुम्हारा भाग्य रचता है। और सबसे बड़ी बात–संस्कृति और मानवता के पथ पर चलो, क्योंकि यही जीवन का सच्चा आधार है। यह समय संकल्प का है–संकल्प कि हम अपने भीतर के राक्षसों को हराएँगे, समाज को बेहतर बनाने में योगदान देंगे, और समय के साथ तालमेल बिठाएँगे। यदि हम ऐसा कर पाए, तो यह वर्ष हमारे लिए केवल एक संवत्सर नहीं, बल्कि एक नई रोशनी का प्रतीक बन जाएगा। सुनहरे क्षणों का आलम सज गया है, जब नवरात्रि की पावन घड़ियाँ और कालयुक्त संवत्सर का शुभारंभ एक साथ गूंज उठे हैं। माता दुर्गा के चरणों में शीश झुकाएँ, उनकी असीम शक्ति से अपने हृदय को आलोकित करें, और इस नए समय के साथ कदम से कदम मिलाकर चल पड़ें। यह संयोग हमारे लिए सुख, समृद्धि, और सफलता का एक स्वर्णिम द्वार खोलने को तैयार है। यह वह पल है जब हम अपने स्वप्नों को साकार करने का संकल्प लें, अपने जीवन को नई ऊँचाइयों तक ले जाएँ, और इस चक्र को एक अविस्मरणीय गाथा बनाएँ। यह कालयुक्त संवत्सर और नवरात्रि का संदेश है–शक्ति और समय का यह नृत्य हमें एक नई आलोकित राह पर ले जाए। इस यात्रा को गले लगाएँ, इसे जीएँ, और इसे अमर बनाएँ।

# मोदी ने आरएसएस मुख्यालय के साथ दीक्षाभूमि का दौरा कर साधा राजनीतिक संतुलन

**नीरज कुमार दुबे**

भाजपा ने संघ के साथ संबंधों में सुधार किया जिसके चलते पार्टी को हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में विधानसभा चुनावों में जोरदार जीत मिली थी। दूसरी ओर, संघ और भाजपा के बीच मतभेदों को दोनों ही संगठनों के नेता नकारते हैं और कहते हैं कि ऐसी बातें वही लोग करते हैं जो भाजपा और संघ को नहीं समझते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागपुर यात्रा के दौरान आरएसएस मुख्यालय स्थित हेडगेवार स्मृति मंदिर का दौरा कर नया इतिहास रच दिया क्योंकि संघ के 100 वर्षों के इतिहास में दूसरी बार देश का कोई प्रधानमंत्री राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय पहुँचा था। हम आपको याद दिला दें कि तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने वर्ष 2000 में अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान नागपुर में संघ मुख्यालय का दौरा किया था। संयोग देखिये कि मोदी भी अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान ही संघ मुख्यालय पहुँचे। मोदी के संघ मुख्यालय के दौरे पर जहां विपक्ष बौखला रहा है वहीं इस यात्रा ने आरएसएस के भीतर भी कई लोगों को सुखद आश्चर्य में डाल दिया है। वैसे कुल मिलाकर मोदी की इस यात्रा को भाजपा और आरएसएस द्वारा आपसी मतभेद दूर करने और एकजुट होने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से नागपुर में अपने संबोधन के दौरान आरएसएस की भरपूर प्रशंसा को अपने वैचारिक मार्गदर्शक के प्रति भाजपा के रुख में आये बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। हम आपको याद दिला दें कि पिछले साल लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा था कि भाजपा उस समय से आगे बढ़ चुकी है जब उसे आरएसएस की जरूरत थी और अब वह सक्षम है तथा अपने काम खुद करती है। नड्डा की इस टिप्पणी से संघ कार्यकर्ताओं में रोष उत्पन्न हो गया था और लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा और आरएसएस के बीच दूरी देखी गयी थी जिसका नुकसान भाजपा को लोकसभा में बहुमत गंवा कर उठाना पड़ा था। हालांकि लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद भाजपा ने संघ के साथ संबंधों में सुधार किया जिसके चलते पार्टी को हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में विधानसभा चुनावों में जोरदार जीत मिली थी। दूसरी ओर, संघ और भाजपा के बीच मतभेदों को दोनों ही संगठनों के नेता नकारते हैं और कहते हैं कि ऐसी बातें वही लोग करते हैं जो भाजपा और संघ को नहीं समझते हैं। वैसे जानकारों का यह भी कहना है कि संघ को मुख्य आपत्ति इस बात पर थी कि भाजपा एक व्यक्ति केंद्रित पार्टी बनती जा रही है। हम आपको याद दिला दें कि साल 2014 के बाद मोदी ब्रांड राजनीति के तहत भाजपा सारे चुनाव लड़ती रही है। लोकसभा चुनावों के बाद भाजपा ने अन्य नेताओं को भी आगे बढ़ाया है और आने वाले समय में दूसरी पंक्ति के कई और नेताओं को बड़ी भूमिकाएं मिलने जा रही हैं। वैसे, आरएसएस के शताब्दी समारोह और बेंगलुरु में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से पहले प्रधानमंत्री की नागपुर यात्रा इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि भाजपा जल्द ही अपने नये राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करने वाली है। हालांकि हाल ही में संघ की ओर से स्पष्ट किया गया था कि उसके सभी आनुषांगिक संगठन अपने कार्यों के बारे में स्वतंत्र रूप से निर्णय लेते हैं लेकिन हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि साल 2009 के लोकसभा चुनावों में भाजपा की करारी हार के बाद मोहन भागवत के हस्तक्षेप के बाद ही लालकृष्ण आडवाणी युग समाप्त हुआ था और मोदी आगे लाये गये थे। साल 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के खराब प्रदर्शन के बाद मोहन भागवत की कुछ टिप्पणियों को पार्टी नेतृत्व और प्रधानमंत्री मोदी की सीधी आलोचना के रूप में भी देखा गया था। इसलिए ऐसा हो नहीं सकता कि भाजपा अपने नये अध्यक्ष के नाम पर बिना संघ प्रमुख से चर्चा किये बिना फैसला कर ले। हम आपको यह भी बता दें कि पूर्व प्रधानमंत्रियों और वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने पूर्व में सावधानी बरतते हुए सरकार और संघ के बीच अंतर सुनिश्चित किया लेकिन मोदी चूंकि खुद संघ के प्रचारक रहे हैं इसलिए वह संघ की तारीफ करने में नहीं चूकते।



हाल ही में तीन बड़े मौके आये जब मोदी ने अपने जीवन को सही मार्गदर्शन देने के लिए संघ का आभार जताया और इस सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन की भरपूर प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने नागपुर में भी आरएसएस को एक ऐसे संगठन के रूप में संदर्भित किया जिसने समर्पण और सेवा के उच्चतम सिद्धांतों को कायम रखा। साथ ही उन्होंने संघ की राष्ट्र निर्माण और विकास में रचनात्मक भूमिका को रेखांकित करके अपनी 2047 तक विकसित भारत की योजनाओं में संघ की भूमिका के महत्व को भी दर्शाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रयागराज में हाल ही में संपन्न महाकुंभ मेले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए भी स्वयंसेवकों को श्रेय दिया था। इसके अलावा, हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों पर आरएसएस द्वारा की जाने वाली सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने पर लगाए गए प्रतिबंध को भी हटा दिया गया था। यही नहीं, जिस तरह भाजपा के वरिष्ठ नेता गठबंधन सरकार होने के बावजूद अपने मूल एजेंडे में शामिल मुद्दों पर आगे बढ़ने की बात कर रहे हैं वह इस बात का संकेतक है कि आरएसएस के कुछ मुख्य एजेंडे भाजपा की राजनीति में फिर से सबसे आगे आ रहे हैं। बहरहाल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संघ मुख्यालय के दौरे के साथ ही डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पंचतीर्थों में से एक दीक्षाभूमि का भी दौरा कर राजनीतिक संतुलन साधने की कोशिश की। प्रधानमंत्री ने संघ मुख्यालय में दिये गये अपने संबोधन में भी बाबा साहेब को याद किया और भारतीय संविधान की भरपूर प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी ने आरएसएस मुख्यालय में डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर का दौरा कर संघ के संस्थापकों को श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही वह दीक्षाभूमि भी गए, जहां डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने 1956 में अपने हजारों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था। मोदी दीक्षाभूमि स्थित स्तूप के भीतर गए और वहां रखी आंबेडकर की अस्थियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी ने जहां आरएसएस को भारत की अमर संस्कृति का 'वट वृक्ष' बताया वहीं उन्होंने दीक्षाभूमि की सामाजिक न्याय और दलितों को सशक्त बनाने के प्रतीक के रूप में सराहना करते

# शहरी विकास के लिए एक चेतावनी है म्यांमार का भूकंप

**प्रमोद भार्गव**

म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के ताकतवर भूकंप ने 1700 से भी ज्यादा लोगों की जान ले ली और 2500 से भी ज्यादा लोग घायल हैं। भूकंप के प्रभाव में आकर जिस तरह से बहुमंजिला इमारतें ढहीं, सड़कें, पुल और बांध टूटे, बिजली और इंटरनेट सेवाएं ठप हो गईं, यह प्रकृति की एक ऐसी नजीर है, जो बढ़ते शहरीकरण के लिए चेतावनी है। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में आए कुछ पलों के झटकों ने ही दुनिया के इस सुंदर शहर को थर्रा दिया। इसी बीच अमेरिका की भूगर्भीय सर्वेक्षण एजेंसी ने आशंका जताई है कि मरने वालों की संख्या 10 हजार से भी अधिक पहुंच सकती है। इस भूकंप के झटके भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और पश्चिम बंगाल में भी अनुभव किए गए। चीन, वियतनाम, ताइवान, लाओस और श्रीलंका में भी भूकंप की तरंगें अनुभव की गई। याद रहे भारत के भुज में 24 साल पहले आया भूकंप भी 7.7 तीव्रता का था, जिसमें 20 हजार लोगों की मौतें हुई थीं और डेढ़ लाख लोग घायल हुए थे। तीन लाख से ज्यादा घरों को नुकसान हुआ था। म्यांमार का भूकंप काफी उथला था। इस भूकंप का केंद्र भूमि के 10 किमी नीचे था। भूकंप के केंद्र वाला म्यांमार का क्षेत्र संवेदनशील क्षेत्र के रूप में पूर्व से ही चिन्हित है। बावजूद यहां आवास और उद्योगों के लिए आलीशान अट्टालिकाएं खड़ी की जा रही हैं। भारतीय और यूरेशियन प्लेटों के टकराने का परिणाम इस भूकंप को माना जा रहा है। दिल्ली राजधानी क्षेत्र में 17 फरवरी 2025 की सुबह 5.36 बजे रिक्टर स्केल पर चार तीव्रता वाले भूकंप के झटके और धमाकों जैसी अवाजें सुनी गईं थीं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र दिल्ली के धौलाकुआं के झील पार्क क्षेत्र में 5 किमी की गहराई में था। इस कारण इसकी तीव्रता भूगर्भ में ही कमजोर पड़ गई और सतह पर नहीं आने पाई। बिहार में भी भूकंप के झटके अनुभव किए गए। इसका केंद्र धरती की सतह से 10 किमी नीचे था। इसलिए असर केवल अनुभव हुआ। बावजूद भविश्य में भूकंप का यह संकेत दिल्ली के लिए विनाश की चेतावनी है। क्योंकि दिल्ली, हरिद्वार और महेंद्रगढ़ देहरादून के ऐसे पठारनुमा टीले पर बसा हुआ है, जहां से भूकंप की भ्रंष रेखा गुजरती है। अतएव यहां हमेशा भूकंप का खतरा बना रहता है। यह संकट इसलिए भी है, क्योंकि यमुना नदी के मैदानी क्षेत्र में भूमि की परत नरम है। हालांकि इस भूकंप को विवर्तनिक परत (टेक्टोनिक्स प्लेट) में किसी बदलाव के कारण आना नहीं माना गया था। इसके आने का कारण स्थानीय भूगर्भीय विविधता को माना जा रहा है। याद रहे हिमालय के उत्तरी तलहटी में स्थित चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र शिगात्से के निकट तिंगरी काउंटी में 7 जनवरी 2025 को 7.1 तीव्रता का भूकंप आया था। इसमें 126 लोग मारे गए थे। पड़ोसी देश नेपाल और भारत में भी इसके झटके महसूस किए गए थे। भूकंप का केंद्र तिंगरी काउंटी में था, जो हिमालय की चोटी माउंट एवरेस्ट क्षेत्र का उत्तरी द्वार माना जाता है। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण ने इस भूकंप की तीव्रता 7.1 आंकी थी। भूकंप से तिब्बत में किसी बांध या जालाषय को हानि नहीं पहुंची थी, गौरतलब है कि भूकंप ने भारतीय सीमा के निकट तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने की योजना ने भारत और बांग्लादेश को चिंता में डाल दिया है। क्योंकि यह पूरा क्षेत्र भारत और यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेटों में टकराव के कारण चीन के दक्षिण-पश्चिम हिस्से नेपाल और उत्तर-भारत में अकसर भूकंप आते रहते हैं। भूकंप की चेतावनी संबंधी प्रणालियां अनेक देशों में संचालित हैं लेकिन वह भू-गर्भ में हो रही दानवी हलचलों की सटीक जानकारी समय पूर्व देने में लगभग असमर्थ हैं। क्योंकि प्राकृतिक आपदाओं की जानकारी देने वाले अमेरिका, जापान, भारत, नेपाल, चीन और अन्य देशों में भूकंप आते ही रहते हैं। इसलिए यहां लाख टके का सवाल उठता है कि चांद और मंगल जैसे ग्रहों पर मानव बस्तियां बसाने का सपना और पाताल की गहराइयों को नाप लेने का दावा करने वाले वैज्ञानिक आखिर पृथ्वी के नीचे उत्पात मचा रही हलचलों की जानकारी प्राप्त करने में क्यों असफल हैं ? जबकि वैज्ञानिक इस दिशा में लंबे समय से कार्यरत हैं।

# हिंदू नववर्ष पर नगर में निकाली गयी भव्य चुनरी यात्रा, सैकड़ों लोगों ने लिया हिस्सा




**जयसिंहनगर।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नव-वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के अवसर पर 30 मार्च 2025 को भव्य चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेविका समिति के मातृ शक्तियों की अगुवाई में नगर में भव्य चुनरी यात्रा निकाली गयी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड जयसिंहनगर के सभी स्वयं सेवकों की उपस्थिति में चुनरी यात्रा का आयोजन जनकपुर रोड वार्ड क्रमांक 01 में विराजमान माँ दुर्गा मंदिर होते हुए शहडोल रोड से रीवा रोड होते हुए वार्ड नं. 06 में स्थित प्रसिद्ध माँ दुर्गा मंदिर तक निकाली गई। चुनरी यात्रा कार्यक्रम आयोजन के पश्चात् माँ दुर्गा मंदिर में चुनरी यात्रा कार्यक्रम में सम्मिलित सभी श्रद्धालुओं के द्वारा माता की महाआरती की गई तत्पश्चात सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

**सभी त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं - मंडल अध्यक्षः** कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जयसिंहनगर मण्डल अध्यक्ष जयश्री कचेर द्वारा सभी को हिन्दू नववर्ष व चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए सभी क्षेत्रवासियों को सदैव संगठित रहकर भव्यता के साथ शांति, समरसता व सभी को अखण्डता के सूत्र में एक करने वाले अपने प्रमुख सांस्कृतिक त्यौहारों को मनाने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम के दौरान जयसिंहनगर युवा विकास मंच की ओर से चुनरी यात्रा में पुष्प वर्षा एवम् जल आदि की व्यवस्था समाजसेवी हिमांशु गुप्ता व उनकी टीम द्वारा किया गया । यात्रा में मातृशक्ति राष्ट्रीय सेविका समिति, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व जयसिंहनगर युवा विकास मंच के दायित्ववान सभी पदाधिकारी/कार्यकर्ता एवं नगरीय क्षेत्र के सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ जनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया व भव्य चुनरी शोभा यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया।

**ये रहे उपस्थित :** चुनरी यात्रा में मुख्य रूप से विभाग कार्य वाहिका रंजना शुक्ला, शहडोल नगर कार्यवाहिका, अर्चना जायसवाल, मंडल अध्यक्ष जयश्री कचेर, काजल गुप्ता, रोशनी गुप्ता, प्रीति गुप्ता, दीक्षा कचेर, मुस्कान कचेर, रविता पांडेय, दिव्या गुप्ता, अंजली गुप्ता एवं समस्त राष्ट्रसेविका समिति खंड जयसिंहनगर की दीदियां एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक खंड संघचालक राजेन्द्र शर्मा, अनिल केसरवानी, राजेन्द्र सेन, देवेन्द्र गुप्ता, राजेश गुप्ता, रमाकांत गुप्ता, शुभम केसरवानी सहित अनेक स्वयंसेवक व समाजसेवी उपस्थित रहे ।

## खाटू श्याम मंदिर निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन



**विदिशा।** गुलाबगंज क्षेत्र में विदिशा गुलाबगंज रोड पर भगवान खाटू श्याम के मंदिर निर्माण के लिए सोमवार को भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी और भाजपा नेता मनोज कटारे भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए और मंदिर निर्माण के लिए 51000 की राशि देने की घोषणा की। विदिशा की तर्ज पर ही गुलाबगंज में भगवान खाटू श्याम मंदिर के निर्माण के लिए तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। मंदिर निर्माण के लिए सोमवार को भाजपा नेता एवं समाजसेवी मनोज कटारे भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान विधि विधान से मंत्र उच्चारण के साथ भूमि पूजन कार्य संपन्न हुआ। मंदिर निर्माण के लिए गुलाबगंज के किसान निहाली चिढ़ार, भूरा चिढ़ार ने 1200 स्क्वायर फिट मंदिर निर्माण के लिए भूमि दान में दी है। मंदिर निर्माण गुलाबगंज विदिशा रोड पर किया जा रहा है। सोमवार को मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन कर आधार शिला रखी गई।

गुलाबगंज के सभी लोगों के सहयोग से मंदिर का निर्माण किया जा रहा है और एक दो वर्ष में मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा। साथ ही लोगों को खाटू श्याम बाबा के दर्शन अब गुलाबगंज में ही आसानी से उपलब्ध हो सकेंगे।

### मरीजों के पास जाकर पूछा उनका हाल-चाल

# विधानसभा अध्यक्ष ने किया रोटरी मिशन राहत कार्य का अवलोकन





**मुरैना।** रोटरी मिशन राहत - 2 के शिविर में गरीबों को राहत पहुंचाते चिकित्सक और संवेदनशीलता के रूप में सेवा और समर्पण की भावना से लगे रोटरी के तमाम सदस्य प्रशासनिक व्यवस्था और रेडक्रॉस के साथ अन्य सेवादल, सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि शिविर में गरीबों को लाकर चिकित्सा सेवा प्रदान करा रहे हैं। आयुर्वेदिक चिकित्सक के पास पहुंचे घिरोना सरकार प्रेमदास महाराज को विधानसभा अध्यक्ष ने चिकित्सक को दिखाया और कहा कि इनका ठीक से इलाज हो जाये। मुरैना को यह सौगात विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर की कल्पना का ही प्रतिफल माना जाता है और वह हर रोज मरीजों की देखभाल करने वाले पंजीयन करने वाले जांच परीक्षण के लिए दिल्ली से आये तमाम ऑपरेटर उनकी बसों में जा-जाकर उनका अवलोकन कर रहे हैं। सोमवार की दोपहर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, कलेक्टर अंकित अस्थाना के साथ उन्होंने अरविंदो अस्पताल से आई बस में मरीजों के परीक्षण का अवलोकन किया इसके बाद दिल्ली के और रतन ज्योति के माध्यम से परीक्षण कर रही बस में पहुंचकर नेत्र रोगियों को देखा। कहां पंजीयन करने वाले बैठे हैं, कैसे पंजीयन कर रहे हैं, कौन मरीज किस रोग से पीड़ित है उसे कितनी चिकित्सा की आवश्यकता है इस सबका अवलोकन कर उन्हें व्यवस्थित रूप से उपयुक्त चिकित्सा तक पहुंचाना यह रोटरी मिशन के माध्यम से विधानसभा अध्यक्ष कर रहे हैं। इस मौके पर उनके साथ सांसद शिवमंगल सिंह तोमर और निगम महापौर शारदा सोलंकी भी गरीबों की चिकित्सा का अवलोकन कर रही थीं। इस दौरान मीडिया के रूबरू होकर उन्होंने कहा गरीबों के लिए यह चिकित्सा शिविर मील का पत्थर साबित होगा। अब तक दो लाख से अधिक मरीजों की विभिन्न प्रकार की चिकित्सा निशुल्क रूप से की जा चुकी है। दो अप्रैल तक इस शिविर में और भी जितने गरीबों को लाभ मिल सकेगा देने का प्रयास करेंगे। रोटरी के माध्यम से हम गरीबों को यह सेवा प्रदान कर पा रहे हैं। अधिक से अधिक मरीजों को इसका लाभ मिले यही हमारा प्रयास है और किसी भी तरह की कोई अव्यवस्था न हो सब सुविधाजनक तरीके से चिकित्सा प्राप्त करें इसका ही ध्यान रखा जा रहा है।

**श्योपुर और शिवपुरी से रोगियों को लेकर बसें मेगा हैल्थ कैंप में पहुंचीं :** मुरैना जिला मुख्यालय पर 2 अप्रैल तक रोटरी मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैम्प में श्योपुर और शिवपुरी जिले से रोगियों को लेकर बसें पहुंचीं। इस दौरान सभी को उपचार एवं भोजन की व्यवस्था कैंप स्थल पर की गई।

**मेगा हैल्थ कैंप में भोपाल से आए चिकित्सको को किया सम्मानितः** रोटरी मेगा हेल्थ कैंप में भोपाल से आए डॉ. रोहित कुमार तिवारी, डॉ. अंजलि बसोड़, डॉक्टर आनंद सैनी को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला खनिज अधिकारी श्री एसके निर्मल, रोटरी के पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**रोटरी कैम्प में स्वच्छता मित्र सफ़ाई व्यवस्था कर रहे संचालितः** कलेक्टर अंकित अस्थाना के निर्देशन में नगर निगम के स्वच्छता मित्र मेगा कैंप स्थल पर चाक चौबंद सफ़ाई व्यवस्था संचालित कर रहे हैं।

# हिरनखेड़ा में विधायक ने जल गंगा संवर्धन अभियान का किया शुभारंभ

### जल संरचनाओं के प्रति जागरुक रहें, तभी आने वाली पीढ़ियों को सौंप सकते हैं जल सुरक्षा की समृद्ध विरासत : प्रेमशंकर वर्मा, विधायक



**समय जगत, सिवनी मालवा।** जल संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान का जनपद स्तरीय शुभारंभ हिरनखेड़ा के गौ उत्पत्ति तालाब पर किया गया। अभियान के तहत जन भागीदारी से जल स्त्रोतों का संरक्षण, तालाबों का जीर्णोद्धार, गहरीकरण, जल संरचनाओं का पुनरुद्धार और भूजल संवर्धन जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। कार्यक्रम की शुरुआत गौ उत्पत्ति तालाब और ग्वाल देवता की पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद क्षेत्रीय विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जल संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हमें अपनी जल संरचनाओं के प्रति जागरूक और सजग रहना होगा। तभी हम आने वाली पीढ़ियों को जल सुरक्षा की समृद्ध विरासत सौंप सकते हैं। उन्होंने सरकार के इस अभियान की सराहना करते हुए बताया कि पिछले वर्ष इस अभियान के बेहतरीन परिणाम देखने को मिले थे। हमने बड़े स्तर पर अमृत सरोवर और खेत तालाबों का निर्माण कराया हैं। जिससे जल स्तर में वृद्धि हुई है। हिरनखेड़ा तालाब केवल एक जल संरचना नहीं बल्कि एक संपूर्ण पारिस्थितिक तंत्र है, जो कई जीवों और वनस्पतियों का आधार है। जब तवा बांध नहीं था। यह जल संरचना जिले की सबसे बड़ी संरचनाओं में से एक है। जिसका संरक्षण आवश्यक है।विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने उपस्थित जनसमुदाय को जल संरक्षण की शपथ दिलाई।

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुधीर पटेल ने कहा कि आज समाज जिस गति से जल का दोहन कर रहा है, उस अनुपात में जल संरक्षण नहीं हो पा रहा, जो गंभीर चिंता का विषय है। यदि हम इन पारंपरिक जल स्त्रोतों को संरक्षित करने में सफल रहे तो हम आने वाली पीढ़ियों को जल संकट से बचा सकते हैं। उन्होंने बताया कि हिरनखेड़ा तालाब अतीत में खेतों की सिंचाई का प्रमुख स्त्रोत रहा है। कार्यक्रम में हिरनखेड़ा सरपंच अमृता लिटोरिया, खुटवासा सरपंच पूजा भदौरिया, बघवाड़ा सरपंच बेनीराम लौवंशी, रतवाड़ा सरपंच शंकर सिंह गौर, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, किसान और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## ईद के अवसर पर अपना घर आश्रम में बांटी मीठी सेवइयां



**विदिशा।** सोमवार को अपना घर आश्रम विठ्ठल नगर विदिशा में ईद उल फितर के अवसर पर ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के सदस्यों द्वारा आश्रम में आश्रय पा रहे लगभग 125 प्रभुजनों को विशेष भोजन प्रसादी बांटी गई जिसमें मुख्य रूप से मीठी सेवइयां परोसी गईं। आश्रम के प्रवक्ता सोहेल अहमद बबलू द्वारा बताया गया कि विठ्ठल नगर के इस आश्रम में असहाय, लावारिस, अनाथ, मंदबुद्धि के बीमार प्रभुजनों को रखा जाता है एवं सेवा उपचार के पश्चात उन्हें स्वस्थ होने पर अपने परिजनों से मिलाया जाता है। इस अवसर पर आश्रम के संस्थापक सेठ विठ्ठल दास डांगरा, अध्यक्ष डॉक्टर जीके माहेश्वरी, सचिव जीएस चौहान, प्रवक्ता सोहेल अहमद बबलू एवं मुस्लिम समाज के गणमान्य नागरिक, विदिशा शहर काजी सैयद साजिद अली, जामा मस्जिद के पैसे इमाम मोरवी रक़ीब साहब, अब्दुल रहमान आदि उपस्थित थे।

# भगवानदास सबनानी ने वार्ड 47 में किया विकास कार्यों का भूमिपूजन



**समय जगत, भोपाल।** दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 47 में सोमवार को विकास कार्यों के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक भगवानदास सबनानी द्वारा पंचशील नगर में धार्मिक स्थलों के विकास हेतु भूमिपूजन किया। इस अवसर पर दिगंबर सकल जैन समाज के साधु-संतों के निहार व्यवस्था, मद्रासी समाज मर्यम्मन माता मंदिर के सौंदर्यीकरण, धम्मा वड़ा बौद्ध विहार निर्माण एवं राधे माता मंदिर की बाउंड्री वॉल के सौंदर्यीकरण जैसे कार्यों का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर श्री सबनानी ने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी छोटी बड़ी हर समस्या के निवारण के लिए हम निरंतर प्रयास कर रहे हैं और उनका निवारण भी किया जा रहा है, समय-समय पर जनता की मांग के अनुसार क्षेत्र के विकास की योजनाएं बनाई जाती हैं आस्था के इन केंद्रों के विकास से श्रद्धालुओं को सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्र में धार्मिक-सांस्कृतिक समृद्धि को नया आयाम मिलेगा। मैं वार्ड 47 की पार्षद श्रीमती गिरिजा राजेश खटीक जी को बधाई देता हूं कि वह सदैव जनता की समस्याओं के प्रति गंभीरता से योजनाएं बनाकर काम करती हैं और क्षेत्र के विकास में अपना योगदान दे रही हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रियेश उपाध्याय, पूर्व पार्षद राजेश खटीक, संजय जैन ,संतोष जैन वार्ड संयोजक राजेंद्र राठौड़ ,कुंदन प्रजापति, राधेश्याम प्रजापति जगदीश प्रजापति, उत्तम जाधव, अंशुमान साल्वे सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक और भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पति की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने रखा गणगौर का व्रत



**मुरैना/जौरा।** सोमवार को गणगौर का त्यौहार होने से महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र के लिए गणगौर मैया की पूजा अर्चना कर व्रत रखा गया 31 मार्च को सुहागन महिलाओं द्वारा गणगौर व्रत को लेकर परंपरा के अनुसार घरों में देसी घी से पकवान बनाकर तैयार किया गया गुना भी बनाए पूजा के लिए 16 गुना बनाए गए। कथा के दौरान थाली में सजाकर शिव पार्वती की प्रतिमा के समक्ष बनाए गए पकवान भी रखी गई सुहागन महिलाओं द्वारा व्रत रखकर 16 श्रृंगार कर भक्ति भाव के साथ कथा सुनी गई। चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि के दिन इस गणगौर के त्यौहार को सुहागन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु के लिए मिट्टी से शिव पार्वती की कृपा बनाकर पूरे विधि विधान से व्रत रखती है इस व्रत में सुहागन महिलाएं दिन भर बिना पानी की ही रहती है। शाम को कथा स्थल पर सामूहिक रूप से एकत्रित होकर पानी पीकर अपना व्रत खोलती है पूजा करने के बाद महिलाओं द्वारा मिट्टी से तैयार की गई शिव पार्वती की प्रतिमा को पानी में विसर्जित किया जाता है।


**न्यायालय तहसीलदार, तहसील - कोलार, जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक 538/ अ-6 / 2024-25

**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक स्वेता रसाइली आ. डीओ श्याम कुमार रसाइली निवासी नियर बिराले फाटक त्रिपाई ऋषि रोड म0प्र0भू0रा0 सहिंता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्र. एमपी431जी के16952025ए105027054 दिनांक 15.1.25 ग्राम बगली प.ह.नं. स्थित भूमि खसरा नंबर 169/2, 170/1, 172/2, 169, 170/2, 172/3, 174/2 एवं अन्य रकबा 139.405 वर्गमीटर भूखंड 172 भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवदेक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है ।

2.उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 1.4.2025 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 25.3.2025 को जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील कोलार भोपाल**

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील - कोलार, जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक 556/ अ-6 / 2024-25

**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री दिनेश कुमार मिश्रा आ. श्री एमपी मिश्रा निवासी जी-204 दूसरी मंजिल श्री कृष्णा हाईट्स कटारा हिल्स म0प्र0भू0रा0 सहिंता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्र. एमपी059702023ए11445432 दिनांक 6.2.23 ग्राम बराई प.ह.नं. स्थित भूमि खसरा नंबर 382/2, 329, 330/1, 333/1/केए, 330/2, 333/2 रकबा 88.40 वर्गमीटर भूखंड श्रीकृष्णा हाईट्स भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवदेक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है ।

2.उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 8.4.2025 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 28.3.2025 को जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील कोलार भोपाल**

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील-कोलार, जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक /अ-6/

**:::उद्घोषणा पत्र :::**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक आरती साहू पत्नी राजेन्द्र साहू निवासी 21 जुमेराती नेहरू रोड भोपाल म.प्र.भू.रा. सहिंता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर फौती / वसीयत / रजिस्टर्ड विक्रय/दान पत्र क्र. एएपी 059702024ए1/293367दिनांक-29/10/24 ग्राम दीपड़ी प.ह.न.-26 स्थित भूमि खसरा नंबर 2,3,4/5/1/1/1/1 रकवा 0.405 हेक्ट. खासरा. 2,3, 4/5/1/1/1/2 रकवा 0.315 हेक्ट. भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवदेक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है।

2-उक्त संबंध में किसी व्यक्ति /संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 08/04/21 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में स्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

उक्त उदघोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 26/03/25 को जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील-कोलार भोपाल**

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील-कोलार, जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक /अ-6/

**:::उद्घोषणा पत्र :::**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्रीमती मीना साहू पत्नी सुरेन्द्र साहू निवासी 21 जुमेराती नेहरू रोड भोपाल म.प्र.भू.रा. सहिंता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर फौती / वसीयत / रजिस्टर्ड विक्रय/दान पत्र क्र. एएपी 059702024ए1/2933दिनांक-29/10/24 ग्राम दीपड़ी प.ह.न.-26 स्थित भूमि खसरा नंबर 2,3,4/5/1/1/1/1 रकवा 0.405 हेक्ट. खासरा. 2,3,1/1/1/1/2 रकवा 0.315 हेक्ट. भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवदेक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है।

2-उक्त संबंध में किसी व्यक्ति /संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 08/04/21 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में स्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

उक्त उदघोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 26/03/25 को जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील-कोलार भोपाल**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

**:: आम सूचना ::**

अमरावती हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भवन क्रमांक एम.आई.जी. डीलक्स बी 15 मण्डल द्वारा श्री मनोज कुमार सिंह आत्मज श्री छंगू सिंह के नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 28/03/2005 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। केता / विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्रीमती राखी नन्दी पत्नी श्री तापस नन्दी के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 27/02/2025 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती राखी नन्दी पत्नी श्री तापस नन्दी के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2, भोपाल**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

**:: आम सूचना ::**

सतलापुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मण्डीदीप जिला रायसेन में भूखण्ड / भवन क्रमांक एल.आई.जी. 210 मण्डल द्वारा श्री छोटेलाल चौहान आत्मज स्व. श्री बिहारीलाल चौहान के नाम हस्तान्तरण आदेश क. 2385-87 दिनांक 22/09/2005 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 30/09/2005 को उप ज पंजीयक कार्यालय औबेदुल्लागंज जिला रायसेन से पंजीकृत है। श्री छोटेलाल चौहान द्वारा भूखण्ड / भवन का दान पत्र दिनांक 22/03/2024 को श्री संजीव कुमार चौहान आत्मज श्री छोटेलाल चौहान के नाम पर उप पंजीयक कार्यालय औबेदुल्लागंज जिला रायसेन द्वारा पंजीकृत कराया गया है। दानदाता / दानग्राहिता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपति श्री संजीव कुमार चौहान आत्मज श्री छोटेलाल चौहान के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है ।प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपति श्री संजीव कुमार चौहान आत्मज श्री छोटेलाल चौहान के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2, भोपाल**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

**:: आम सूचना ::**

उत्सव परिसर, अरविन्द विहार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल फ्लेट / भवन क्रमांक एच.आई.जी.. -ए 42 ब्लाक-सी (तृतीय तल) मण्डल द्वारा श्री सुदीप मन्ना आत्मज स्व. श्री अजीत कुमार मन्ना के नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 03/01/2015 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्री सुदीप मन्ना आत्मज स्व. श्री अजीत कुमार मन्ना की दिनांक 20/03/2022 को मृत्यु होने के उपरांत उनकी पत्नी श्रीमती प्रोतिवा बरूअह मन्ना पत्नी स्व. श्री सुदीप मन्ना के द्वारा उक्त भवन अपने एकल नाम पर नामान्तरण करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मूल आवंटी के अन्य वारिसों का अनापत्ति शपथ-पत्र, परिचय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं मण्डल प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति श्रीमती प्रोतिवा बरूअह मन्ना पत्नी स्व. श्री सुदीप मन्ना के एकल नाम से नामान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो ता 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2, भोपाल**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

**:: आम सूचना ::**

आर्य गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित गौतम नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल भूखण्ड / भवन कमांक एम.आई.जी. 240 मण्डल द्वारा श्री जसवंत सिंह विर्क आत्मज श्री आर. एस. विर्क के नाम पर भाड़ाकय खरीद करार के आधार पर आवंटन आदेश क. 14837 दिनांक 10/12/1981 को आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 22/10/1980 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। आवंटी द्वारा लीज नवीनीकरण दिनांक 12/09/2012 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत करवा ली गई है। श्री जसवंत सिंह विर्क आत्मज श्री आर. एस. विर्क (पिता) की दिनांक 16/05/2016 को मृत्यु होने के उपरांत उनकी पुत्रीगण श्रीमती जेतीनदर कौर बल पत्नी श्री जसविंदर सिंह बल एवं श्रीमती रविंदर अहलुवालिया पत्नी श्री गरविन्दरजीत सिंह ( पुत्रीगण स्व. श्री जसवंत सिंह विर्क) के संयुक्त नाम नामान्तरण आदेश क्र. 323 दिनांक 12/09/2024 को नामान्तरित किया गया है। क्रेता/ विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री रवीन्द्र चतुर्वेदी आत्मज स्व. श्री रेवती रमण चतुर्वेदी के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 06/03/2025 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्री रवीन्द्र चतुर्वेदी आत्मज स्व. श्री रेवती रमण चतुर्वेदी के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा ।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2, भोपाल**

# ईदगाह में उमड़ी नमाजियों की भीड़, शहर काजी ने पढ़ाई नमाज

**महोबा।** जनपद में सोमवार को ईद-उल-फित्र का पावन पर्व हर्ष, उल्लास और अकीदत के साथ मनाया गया। एक माह तक रमजान के रोजे रखने के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद की नमाज अदा कर अल्लाह का शुक्रिया अदा किया और मुल्क की सलामती, खुशहाली, अमन और शांति के लिए दुआ मांगी। शहर के बजरिया स्थित पहाड़ पर बनी ऐतिहासिक ईदगाह में हजारों की संख्या में मुसलमान नमाज अदा करने पहुंचे। शहर काजी आफाक हुसैन ने निर्धारित समय सुबह 8 बजे ईद की नमाज पढ़ाई इसके बाद खुत्बा दिया और सभी को ईद की मुबारकबाद दी। उन्होंने लोगों से इस्लाम के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के बताए रास्ते पर चलने की अपील की। काजी आफाक हुसैन ने अपने संबोधन में समाज में बढ़ती कुरीतियों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने शादी में दहेज की

## शादी में दहेज की नुमाइश बंद करने और चालीसवें में गरीबों, जरूरतमंदों को खाना खिलाने की अपील

नुमाइश बंद करने और चालीसवे के खाने में गरीबों, यतीमों और जरूरतमंदों को शामिल करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शादी में दहेज सजाने की प्रथा को खत्म किया जाए, क्योंकि इससे गरीब परिवारों को मलाल होता है। ईदगाह में 2 रकात नमाज अदा करने के बाद मुसलमानों ने अल्लाह से देश में अमन, प्रेम और शांति की दुआ मांगी। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। ईदगाह के पास राजनीतिक दलों और समाजसेवियों ने स्टॉल लगाकर मुसलमानों का मुंह मीठा कराया और ईद की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर जिला प्रशासन भी ईदगाह में मौजूद रहा। डीएम मृदुल चौधरी, एसपी पलाश बंसल, एएसपी वंदना सिंह और सीओ दीपक दुबे ने भी लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। वहीं संयुक्त मीडिया क्लब के संरक्षक अमित श्रोतीय, जिलाध्यक्ष भगवानदीन यादव, प्रेस क्लब ऑफ यूपी के अध्यक्ष रमाकांत मिश्रा, बुंदेलखंड प्रभारी इरफान पठान ने ईदगाह में मुसलमानों को ईद की मुबारकबाद दी। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जगह-जगह भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। ईदगाह के अलावा शहर की शाही जामा मस्जिद, किला मस्जिद और अन्य मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने देश में अमन-चैन की दुआ की और एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। ईदगाह में नमाज अदा करने के बाद लोग अपने-अपने घरों को लौटे और एक-दूसरे के घर जाकर मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरू हुआ। घर-घर में सिवईयां, खीर और तरह-तरह के पकवान बनाए गए, जिनका लोगों ने मिलकर लुत्फ उठाया। बच्चों में ईद को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। नए कपड़ों में सजे-धजे बच्चे एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते और मिठाइयां बांटते नजर आए। एक माह तक रमजान के रोजे रखने के बाद ईद का पर्व मुसलमानों के लिए सुकून और इत्मिनान का रहा, नमाज के बाद हर चेहरा खुशी से झूमता नजर आया। ईद के मौके पर आपसी भाईचारे और मेलजोल को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

# देवि पूजि पद कमल तुम्हारे, सुर नर मुनि सब होहि सुखारे

(नवरात्रि पर्व पर विशेष)
डॉ. एलसी अनुरागी



**महोबा।** भारतीय संस्कृति मे नवरात्रि पर्व का विशेष महत्व है। नवरात्र मे मॉ पार्वती के नौ रूपों की आराधना की जाती है। ये नौ रूप इस प्रकार है। शैलपुत्री, ब्रम्हचारिणी, चन्द्रघंटा, कुष्माण्डा, स्कन्दमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी एवं सिद्धिदात्री। दुर्गासप्तशती मे देवी के 108 नाम बताये गए है। जिसमे पहला नाम ॐ सती है और एक सौ आठवॉ नाम ब्रम्हावादिनी है। नवदुर्गा पर्व मे सम्पूर्ण दुर्गासप्तशती मे दिए गए तेरह अध्याय के पाठ पढ़ने का विधान है। यदि मनुष्य इतना न कर सके तो उसे सप्तश्लोकी सात श्लोक दुर्गा पाठ अवश्य करना चाहिए। आज की भौतिकता की भागदौड़ मे यदि मनुष्य इतना भी न कर सके तो कम से कम दुर्गा सप्तशती के एक श्लोक का वाचन 108 बार करना चाहिए जिससे सभी मंगलकामनाएॅ पूर्ण होती है। वह श्लोक इस प्रकार है- सर्व मंगलमगल्ये शिवे सर्वार्थसाधि के शरण्ये त्रम्बके गौरि नारायणि नमोअस्तु ते। मॉ की आराधना करने से धर्म, अर्थ काम व मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है। सीताा जी ने श्रीराम को पति रूप मे प्राप्त करने के लिए पार्वती देवी की आराधना की थी। सीता जी ने इस प्रकार प्रार्थना की, पर्वतों के राजा हिमांचल की पुत्री पार्वती, शिवजी के मुखरूपी चन्द्रमा की चकोरी, हाथी के मुखवाले गणेश जी और छः मुख वाले स्वामी कार्तिक जी की माता बिजली जैसी कांतियुक्त शरीर वाली माता आपकी जय हो। आपका न आदि है- न मध्य है और न अन्त है। आपके असीम प्रभाव को वेद भी नही जानते। आप संसार को उत्पन्न पालन और नाश करने वाली है। विश्व को मोहित करने वाली और स्वतंत्र रूप से बिहार करने वाली है। आप समस्त कामनाओं को पूर्ण करने वाली है। आपकी पूजा अर्चना करने से देव, दानव मनुष्य सभी सुखी रहते है। संत तुलसीदास ने रामचरित मानस के बालकाण्ड के दोहा 235 की चौपाई संख्या पॉच व छः मे लिखा- जय जय गिरिबरराज किसोरी, जय महेस मुखचन्द्र चकोरी।

## सार-समाचार

### बड़ी माता मंदिर में भक्तों की उमड़ रही भीड़

**पनवाड़ी/महोबा।** नगर के प्रसिद्ध प्राचीन बड़ी माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि का महोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक माता रानी का भव्य श्रृंगार एवं महाआरती होती है जिसमें नगर के सैकड़ो भक्त माता रानी के जयकारे लगाते हुए मंदिर में आते हैं। नगर में अपने आप में बहुत ही सुंदर और भव्य मंदिर जिसको नया स्वरूप प्रदान करने में बड़ी माता मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश मिश्रा व उनकी संपूर्ण समिति द्वारा अथक प्रयास किया गया। पंडित सुरेश चंद तिवारी के द्वारा मंदिर में पूजा पाठ का कार्य संपन्न कराया जाता है लोगों को माता रानी के दर्शन करने से ऐसा कहा गया है कि जो भी भक्त मां के मंदिर में अपनी मनोकामनाएं लेकर आते हैं मां उन्हें अवश्य पूर्ण करती हैं।

### सोहागपुर विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर बिछाया जा रहा है सड़कों का जाल: विजयपाल सिंह



**सोहागपुर।** विधायक श्री विजयपाल सिंह राजपूत के अथक प्रयासों से सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाकर आमजन के जीवन में समृद्धि लाने और उनकी यात्राओं सुगम-सुरक्षित करने के लिए संकल्पित हैं। विधायक श्री विजयपाल सिंह राजपूत ने बताया कि लोक निर्माण विभाग की वित्तीय व्यय समिति की 108वी बैठक में सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति जारी हुई है जिसमें सोहागपुर से निभोरा, पंचवटी रैनीपानी, पाठई, उड़दन मगरिया घोघरी से कामठी-घोघरी से सारंगपुर मार्ग की लंबाई 24.30 किलोमीटर है जिसकी लागत 3314.91 लाख है। इसी प्रकार बाबई नसीराबाद मार्ग में बाकुड़ नदी पर जलमग्नीय सेतु का निर्माण की लंबाई 13/2 कि.मी. है जिसकी लागत 606.82 लाख है, सूकरी से मनकवाडा की लंबाई 1.00 कि.मी. है जिसकी लागत 300.05 है।

### खातेगांव में 11 अप्रैल को मनाई जाएगी ज्योतिबा फुले जयंती



**राकेश अजमेरा- समय जगत, , खातेगाँव।** खातेगांव के सामुदायिक भवन में संयुक्त माली समाज के द्वारा बैठक रखी। जिसमें खातेगांव विधानसभा के संयुक्त माली समाजजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्यारह अप्रैल को माली समाज के समाज प्रवर्तक अग्रदूत सत्यशोधक समाज के राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती नगर खातेगांव इंद्रप्रस्थ गार्डन में मनाई जाएगी। इस अवसर पर संयुक्त माली समाज द्वारा विशाल चल समारोह एवं स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। शाम 6 बजे से स्नेह भोज का आयोजन किया जाएगा, कार्यक्रम में सभी समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थी जिन्होंने वर्ष 2023-24 शिक्षण संस्थान में कक्षा दसवीं ओर बारहवीं में सत्तर प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाए हैं, उन परिजनों से निवेदन किया कि 8 अप्रैल 2025 तक होंडा शोरूम नेमावर रोड कार्यालय पहुंचकर अपनी अंकसूची जमा कराये।

### स्वच्छता के लिए सरकार कर रही है प्रयास, साथ ही लोगों का जागरुक होना है आवश्यक : राज्यमंत्री



**दमोह।** संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग, राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने ओंकारेश्वर स्थित गौमुख घाट पर सफाई अभियान का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने माँ नर्मदा का विधिविधान से पूजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वच्छता के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है लेकिन लोगों का स्वच्छता के प्रति जागरूक होना भी आवश्यक है। जागरूकता ही बदलाव की सीढ़ी है। हर व्यक्ति का छोटा सा प्रयास स्वच्छता के क्षेत्र में बड़ा बदलाव ला सकता है। उन्होंने कहा कि ओंकारेश्वर में साफ सफाई रखने के लिए अभियान संचालित किया जाएगा। साथ ही लोगों को गंदगी ना करने के लिए प्रेरित भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून तक आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जन भागीदारी से जल संरक्षण करना है और साथ ही जल संवर्धन के कार्य भी किए जाएँगे। इस अभियान के तहत ओंकारेश्वर में भी कार्य किए जाएँगे। राज्यमंत्री लोधी ने कहा ओंकारेश्वर में स्वच्छता को लेकर जो भी कमियां पाई गई हैं उन्हें योजना बनाकर दूर किया जायेगा। इसके अलावा राज्यमंत्री लोधी ने ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग महादेव एवं ममलेश्वर महादेव के दर्शन कर जलाभिषेक किया। उन्होंने बाबा ओंकारेश्वर से प्रदेश की समृद्धि, विकास और कल्याण की प्रार्थना की। वे पैदल पुल से ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने पहुंचे।

### बलखंडन माता के दरबार में विराजेंगी महाकाली



**समय जगत, नोहटा।** ग्राम नोहटा में चैत्र की नवदुर्गा में समस्त ग्रामवासियों द्वारा निर्णय लिया गया कि इस बार माता महाकाली की स्थापना बलखंडन माता के प्रांगण में 9 दिनों तक महाआरती का आयोजन लगातार किया जाए। सभी आयोजन पंडित घनश्याम प्रसाद के मार्गदर्शन में किया जाएगा। समस्त क्षेत्र की जनता से अनुरोध है कि पधार कर धार्मिक लाभ उठाएं।

# बोहरा समाजजनों उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया ईद का पर्व



**समय जगत, बुरहानपुर।** बोहरा समाज की ओर ईद का पर्व बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया सभी ने ईद की नमाज अदा की और देश दुनिया में सुख शांति और चैनों अमन की दुआ की इस मौके पर बुरहानपुर के पूर्व विधायक ठाकुर सुरेंद्रसिंह और कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष हर्षित ठाकुर हवेली पहुंचे उन्होंने हवेली पर आमिल शेख हैदर भाई साहब जमाली और शेख यूसुफ भाई जमाली से मुलाकात कर उनको बधाई दी जिसके बाद दरगाह मैनेजर और मुस्तफा भाई और सेफी अली भाई के घर पहुंचे और शब्बीर वकील साहब के परिवार में मुलाकात की जिस के बाद अली अजगर भाई के यहां पर पहुंच कर ईद की मुबारकबाद दी इस मौके पर नोमान पार्षद सोनू पहलवान इतिमाम बक्श मौजूद थे।गौरतलब है कि बुरहानपुर जिले में ईद का पर्व बोहरा समाज की ओर से बड़े उल्लास के साथ मनाया जाता है। पूरे रमजान के महीने रोजदार रोजे रखकर इबादत करते हैं और ईद होती है उस दिन नमाज पढ़ने के बाद सभी एक दूसरे को गले मिलकर बधाई देते हैं। इस मौके पर बुरहानपुर के पूर्व विधायक ठाकुर सुरेंद्र सिंह और कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष हर्षित ठाकुर भी बोहरा समाज के बचपन के दोस्त अली अजगर के यहां पर पहुंचे और उनके परिवार को ईद पर्व की बधाई दी और उनके साथ खीर खुरमा भी खाया और घर परिवार के लोगों को बधाई दी।

## हाथों में तख्तियां लेकर महिलाओं ने किया हंगामा

# कस्बे से शराब दुकान हटाने को लेकर महिलाएं लामबंद




**समय जगत, हमीरपुर।** कस्बे के सीएचसी के पास खुल रहे देशी शराब के नए ठेके को हटाने की मांग को लेकर महिलाएं लामबंद हो गई है। हाथों में तख्तियां लेकर महिलाओ ने तहसील परिसर में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर जोरदार हंगामा किया। तहसीलदार राममोहन कुशवाहा ने महिलाओं को आश्वासन दिया कि ठेके को अन्य किसी स्थान पर स्थानांतरित करा दिया जाएगा। तब जाकर महिलाएं मानी। उनका स्पष्ट कहना था कि ठेके को किसी भी हाल में यहां खुलने नहीं दिया जाए। सोमवार को कस्बे के हटवारा मोहल्ला में खुल रहे नए ठेके के विरोध में मोहल्ले की दो दर्जन से अधिक महिलाएं तख्तियां लेकर प्रदर्शन करते हुए तहसील में पहुंच गई और जमकर नारेबाजी की। कहा कि बस्ती में ठेके को लेकर पूर्व में भी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन उसके बाद भी बस्ती में ठेका खोला जा रहा है। जबकि पास में मंदिर, बैंक व सीएचसी अस्पताल है। जहां महिलाओं का आना जाना लगा रहता है। महिलाओं का कहना है की ठेका खुलने से बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। दिन रात शराबियों और असमाजिक तत्वों का यहां जमघट लगा रहेगा, इससे परेशानी का सामना करना पड़ेगा। महिलाओं ने स्पष्ट कहा की किसी भी हाल में ठेके को खुलने नहीं दिया जाएगा। महिलाओं द्वारा धरना दिए जाने की सूचना पर तहसीलदार राममोहन कुशवाहा ने महिलाओं को समझाया। महिलाओं ने कहा कि कुछ भी हो जाए ठेका नहीं खुलने दिया जाएगा। तहसीलदार ने आश्वासन दिया कि मंदिर व अस्पताल के पास से ठेके को अन्य स्थानों पर स्थानातंरित करा दिया जाएगा। इसको लेकर संबंधित अधिकारियों से वार्ता हो गई है। मोहल्लेवासियों ने तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंपा। करीब एक से दो घंटे बाद महिलाओं का प्रदर्शन समाप्त हुआ। ज्ञापन देने में सुनीता रमा चंद्रावती रामदेवी सविता संगीता नीलम यादव पार्वती महिलाएं मौजूद रही।

बता दें कि देशी ठेका सराब दुकान नंबर 1 पहले स्टेट बैंक के पास चल रहा था जिसे पिछले दिनों महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन कर हटा दिया। वही आबकारी विभाग ने इसे हटवारा मुहल्ले में शिप्ट कर दिया बीती रात्रि दुकान बनाई जा रही जिसकी सूचना लगते ही सुबह महिलाएं विरोध प्रदर्शन में उतर आई।

# कड़ी सुरक्षा में अदा की गई ईद की नमाज



**बांदा।** मुस्लिम समुदाय ने पैगंबर मुहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर ईद मिलाद-उन-नबी का त्योहार मनाया। इस अवसर पर मस्जिदों में विशेष नमाज़ अदा की गई और पैगंबर मुहम्मद साहब की शिक्षाओं को याद किया गया। ईद की नमाज को सुकशल संपन्न कराने के लिए डीएम, एसपी, एएसपी, एडीएम, सिटी मजिस्ट्रेट, शहर कोतवाल सहित अन्य थानों का फोर्स तैनात रहा। राजनेताओं में बसपा जिलाध्यक्ष रामसेवक प्रजापति, सुल्तान भाई, कांग्रेस अध्यक्ष राजेश दीक्षित, सपा के मधुसूदन कुशवाहा, ओमनारायण त्रिपाठी विदित, प्रमोद गुप्ता, उमेश यादव ने भी नमाजियों को ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर लोगों ने अपने घरों को सजाया और अपने प्रियजनों को शुभकामनाएं दीं। मस्जिदों में विशेष समारोह आयोजित किए गए, जिसमें पैगंबर मुहम्मद साहब की जीवनी और उनकी शिक्षाओं पर चर्चा की गई। ईद मिलाद-उन-नबी का त्योहार पैगंबर मुहम्मद के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता है, जो इस्लामी कैलेंडर के तीसरे महीने रबी अल-अव्वल में पड़ता है। यह त्योहार मुस्लिम समुदाय के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह पैगंबर मुहम्मद की शिक्षाओं और उनके जीवन को याद करने का अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर लोगों ने पैगंबर मुहम्मद की शिक्षाओं को याद किया और उनके जीवन को अपनाने का संकल्प लिया। मस्जिदों में विशेष नमाज़ अदा की गई और पैगंबर मुहम्मद की शिक्षाओं को फैलाने के लिए काम किया गया। त्योहार के अवसर पर लोगों ने अपने प्रियजनों को शुभकामनाएं दीं और पैगंबर मुहम्मद की शिक्षाओं को अपने जीवन में लागू करने का संकल्प लिया। यह त्योहार मुस्लिम समुदाय के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह पैगंबर मुहम्मद की शिक्षाओं और उनके जीवन को याद करने का अवसर प्रदान करता है। जनपद में ईद-उल-फितर पर्व को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु व्यापक पुलिस प्रबंध किए गए थे। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने शहर क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पुलिस अधिकारी व जिलाधिकारी ने लोगों से बातचीत कर त्यौहार को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील करते रहे। लोगों को ईद-उल-फितर पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी । पुलिस अधिकारी ने बताया कि पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम किए गए हैं। साथ ही ड्रोन कैमरों से निगरानी भी की जा रही है। सोशल मीडिया पर अफवाहों एवं भ्रामक खबरों पर सतत् निगरानी की जा रही है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ



**देवकरण झांजा, गुलाना।** मध्यप्रदेश शासन से प्राप्त निर्देशानुसार जल गंगा संवंधन अभियान का आज 30 मार्च से 30 जून 2025 तक 90 दिवसीय अभियान का शुभारंभ किया गया है। जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत बेरछी में चिल्लर नदी के उदगम क्षेत्र में पूजन कर नदी के उदगम क्षेत्र में विकास कार्य जनसहयोग से प्रारंभ कर किया गया। जिसमें विधानसभा शाजापुर विधायक श्री अरुण भीमावद एवं जिला पंचायत शाजापुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संतोष टैगोर एवं अन्य जनप्रतिनिधियों एवं जनसमुदाय की उपस्थिति में श्रम दान कर प्रारंभ किया। विधायक श्री भीमावद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जल संवर्धन जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले के पुराने कुएं, तालाब, बावड़ियों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से अनुरोध किया कि जल गंगा संवर्धन कार्य में वे अपनी सहभागिता देकर अपने आस -पास के कुएं, बावड़ी, तालाब आदि को पुनः जीवित करे। विधायक श्री भीमावद ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा नर्मदा शिप्रा परियोजना एवं नर्मदा कालीसिंध परियोजना के माध्यम से पर्याप्त पानी मिलने लगेगा, जिससे किसान भाई तीन फसल ले सकेंगे व उनकी आय में वृद्धि होगी। उन्होंने नववर्ष एवं गुड़ी पड़वा की सभी को शुभकामनाएं भी दी। इसके पूर्व जिला पंचायत सीईओ श्री टैगोर ने 30 मार्च से 30 जून 2025 तक आयोजित होने वाले जल गंगा संवंधन अभियान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर व जनपद पंचायत सीईओ श्री राजकुमार हालदर, श्री राधेश्याम गुर्जर, श्री जुगल किशोर पाटीदार, श्री रमेश पाटीदार, सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे। इसी तरह जनपद पंचायत कालापीपल में उक्त अभियान के दौरान ग्राम कनाड़िया में जोगखेड़ी मार्ग पर स्थित तालाब निर्माण कार्य में जन सहयोग/जनभागीदारी के माध्यम से तालाब गहरीकरण का कार्य किया गया।

## स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक निभाई कार्यक्रम में सहभागिता, सामाजिक समरसता बढ़ाने पर दिया गया जोर

# कालापीपल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गुड़ी पड़वा कार्यक्रम आयोजित



**कालापीपल।** कालापीपल नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कालापीपल खण्ड आरएसएस द्वारा शारीरिक प्रधान कार्यक्रम का आयोजन हिंदू नव वर्ष गुड़ी पड़वा के अवसर पर सहारा पब्लिक हाई सेकंडरी स्कूल प्रांगण में किया गया,कार्यक्रम का उद्देश्य संघ कार्य के विस्तार और स्वयंसेवकों में अनुशासन,समरसता एवं शारीरिक दक्षता को बढ़ावा देना था,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक परम पूज्य डॉक्टर केशव राव बलिराम हेडगेवार जी की जयंती पर खंड के सभी स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में आद्य सरसंघचालक प्रणाम किया, कार्यक्रम में खंड सरसंघचालक जे.पी शर्मा,महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 कल्याण दास जी महाराज एवं मुख्य वक्ता विभाग सह कार्यवाह विभाग सतीश शर्मा उपस्थित रहे।

**स्वयंसेवकों का अनुशासन बद्ध प्रदर्शन:** नगर के नागरिकों की उपस्थिति में स्वयंसेवकों ने दंड प्रयोग गण समता और सामूहिक समता का प्रभावी एवं अनुशासनबद्ध प्रदर्शन किया।इस दौरान स्वयंसेवकों ने विभिन्न शारीरिक गतिविधियों का प्रदर्शन कर अपनी क्षमता और अनुशासन का परिचय दिया जिससे नगरवासियों में संघ कार्य के प्रति जागरूकता और प्रेरणा का संचार हुआ।

**संघ की स्थापना और उद्देश्य पर विस्तृत चर्चा:** मुख्य वक्ता सतीश शर्मा ने हिंदू नव वर्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसी दिन डॉक्टर हेडगेवार जी का जन्म दिवस भी होता है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना,उसके उद्देश्य और इसके ऐतिहासिक विकास पर भी चचर्चा की,उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का परिचय देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस की स्थापना 27 सितंबर 1925 को विजयादशमी के दिन नागपुर में डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा की गई थी।इसकी स्थापना का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना,राष्ट्रीय चेतना को जागृत करना और भारत को एक शक्तिशाली एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में विकसित करना था,डॉ.हेडगेवार एक प्रखर राष्ट्रभक्त थे और उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भी भाग लिया था।वे यह अनुभव कर चुके थे कि हिंदू समाज विभिन्न जातियों,वर्गों और संप्रदायों में बंटा हुआ है, जिससे उसकी शक्ति कमजोर हो रही है,उन्होंने महसूस किया कि यदि समाज संगठित नहीं हुआ तो यह बाहरी आक्रमणों और आंतरिक विघटन के कारण कमजोर पड़ता जाएगा,इसी सोच के आधार पर उन्होंने एक ऐसे संगठन की नींव रखी,जो हिंदू समाज को संगठित कर राष्ट्र की सेवा में तत्पर कर सके,संघ की शाखा में मानव निर्माण होता है,हमें हिंदू जीवन शैली पर गर्व करना चाहिए और यह नव वर्ष संकल्प लेने का दिन है,उन्होंने संघ की स्थापना की पृष्ठभूमि और उद्देश्य पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि संघ समाज में एकता,राष्ट्रप्रेम और अनुशासन को मजबूत करने का कार्य कर रहा है,उन्होंने बताया कि संघ अपने समरस अभियान के तहत सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने हेतु गाँवों में एक श्मशान एक जलाशय और एक पूजा स्थल की अवधारणा को साकार कर रहा है,साथ ही पांच परिवर्तन पर भी सभी स्वयंसेवक कार्य कर रहे हैं,कार्यक्रम का संचालन मुख्य शिक्षक अरविंद मेवाड़ा ने किया।

# देश के स्वाधीनता आंदोलन में साहित्यकारों की रही है महत्वपूर्ण भूमिका

## पीढ़ी में साहित्य पढ़ने की जगानी होगी प्रवृत्ति : राज्यमंत्री श्री लोधी

**दमोह।** एक मंच पर इतने बुद्धिजीवी इकट्ठे करना बहुत बड़ी उपलब्धि है, आप सभी का सानिध्य प्राप्त करके बहुत गौरवान्वित अनुभव कर रहा हूं। साहित्य समाज का दर्पण है और साहित्यकारों ने जो काम किया हैए जब देश स्वतंत्र हुआ तब साहित्यकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साहित्यकारों ने जो साहित्य लिखा, जो कविताएं लिखी, उनके माध्यम से कहीं न कहीं जन जागरण का काम हुआ। सच्चे साहित्यकार होने के नाते हम सभी का कर्तव्य भी बनता है कि जो सही बात है वही लिखें और समाज को नई दिशा दिखाने का काम करें। साहित्यकारों की बड़ी भूमिका समाज के निर्माण में हुआ करती है। यह बात प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने मानस भवन में आयोजित साहित्यकार समागम एवं सम्मान



समारोह को सम्बोधित करते हुये कही। इस अवसर पर राज्यमंत्री लोधी ने साहित्य जगत से जुड़े लेखकों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा मंच से सत्यमोहन वर्मा का शाल फूलमाला, स्मृति चिन्ह के साथ शुभकामना संदेश भेंट किया गया। इस अवसर पर विद्वान साहित्यकार एवं वरिष्ठ गीतकार सत्यमोहन वर्मा, पूर्व विधायक अजय टंडन, डॉ. श्यामसुंदर दुबे, राजेन्द्र गट्टानी, ऋषि श्रृंगारी, डॉ. एनआर राठौर मंचासीन थे। राज्यमंत्री लोधी ने सम्बोधित करते हुये कहा आज का कार्यक्रम बहुत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसमें बुंदेलखंड के सभी साहित्यकार शामिल हुए हैं जिन्हें मंच के माध्यम से सम्मानित करने का काम किया गया। साहित्य क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए कहीं ना कहीं हमें अपनी युवा पीढ़ी के अंदर साहित्य पढ़ने की प्रवृत्ति जगानी पड़ेगी क्योंकि आज की युवा पीढ़ी है कहीं ना कहीं अच्छी पुस्तक पढ़ने सेए अच्छा साहित्य पढ़ने से वंचित होती जा रही है। आज की युवा पीढ़ी इंटरनेट पर व्यस्त हैए जो संस्कार युवा पीढ़ी को मिलने चाहिए वह उन्हें मिल नहीं पा रहे हैं। हमें अपनी युवा पीढ़ी को अच्छा साहित्य पढ़ने और लिखने के लिए प्रेरित करना पड़ेगा, तो निश्चित रूप से साहित्य के क्षेत्र में हम आगे बढ़ेंगे। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा बुंदेलखंड में भी बहुत सारा साहित्य लिखा गया है आने वाले समय में बुंदेलखंड के साहित्य को इकट्ठा करने का काम किया जायेगा और जो साहित्यकार है उनका सम्मान ऐसे ही एक जगह बुलाकर कर किया जा सके आगे संस्कृति विभाग इसकी रचना योजना भी बनाएगा।

### जल गंगा संवर्धन अभियान का हुआ शुभारंभ

# शहर के मठया तालाब में किया श्रमदान, निकाली गई कलश यात्रा

**समय जगत, पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार जिले में भी 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान का आज जिले के विभिन्न स्थानों में शुभारंभ हुआ। जल संरक्षण के कार्यों में जनप्रतिनिधियों व आमजनों ने मिलकर अपनी सहभागिता निभाई। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में समारोहपूर्वक जल संरक्षण के कार्यों का शुभारंभ हुआ। जिला मुख्यालय पर स्थानीय श्री जुगल किशोर मंदिर परिसर से अभियान के शुभारंभ अवसर पर महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। जल संरक्षण के महत्व पर केन्द्रित तख्तियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।



जिला स्तर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ पर नगर के वार्ड क्रमांक 19 स्थित मठया तालाब में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने जनसहभागिता से श्रमदान कर तालाब की सफाई में योगदान दिया। साथ ही सभी नागरिकों से जनसहभागिता के माध्यम से अभियान में जल स्त्रोतों के संरक्षण व संवर्धन के लिए अपील भी की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, नपा अध्यक्ष मीना पाण्डेय सहित कलेक्टर सुरेश कुमार, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार, सीएमओ शशिकपूर गढ़पाले, जिला समन्वयक जनअभियान परिषद आनंद पाण्डेय ने श्रमदान किया।

## संक्षिप्त समाचार

### जल गंगा सवर्धन अभियान के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम



**छापीहेड़ा।** मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा प्रदेश भर के विभिन जल स्त्रोतों के सरक्षंण एव पुनर्जीवन एव उनकी देखरेख के लिये जल गंगा सवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर के विभिन्न जल स्त्रोतों का सरक्षंण किया जाएगा इस अभियान की शुरुआत आज की गई नगर के कांकरिया रोड बालाजी मंदिर परिसर पर मंदिर में स्थित प्राचीन बावड़ी की साफ सफाई कर पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी बद्रीलाल रजक अमित झाझावत सी एम ओ हरिओम शर्मा प्रवीण विसालिया नीरज सेठिया राम राम नागर रामकरन वर्मा शकील खान उपस्थित थे।

### नौलखी आश्रम पर सात दिवसीय पाटोत्सव एवं कथा का आयोजनआज होगा शुरू



**गंजबासौदा।** वेत्रवती घाट स्थित नौलखी धाम आश्रम पर भगवान जगन्नाथ महाप्रभु और सीताराम भगवान की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पाटोत्सव का आयोजन 1 अप्रैल मंगलवार से प्रारंभ होने जा रहा है जिसका समापन 7 अप्रैल सोमवार को होगा। नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास जी महाराज ने बताया कि सप्त दिवसीय पाटोत्सव के आयोजन में वेत्रवती घाट स्थित आश्रम में विराजमान भगवान जगन्नाथ महाप्रभु जी और भगवान सीताराम जी का प्रतिदिन सुबह 8 से विधि विधान के साथ भगवान का अभिषेक सहस्त्रार्चन होगा। जबकि शाम को 4 बजे से कथा व्यास आचार्य पंडित केशव शास्त्री द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। महाराजश्री ने सभी धर्मालुओं, श्रद्धालुओं से सात दिवसीय पाटोत्सव आयोजन में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। मालूम हो कि पिछले वर्ष भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के नवीन विग्रह उड़ीसा जगन्नाथपुरी से 1200 किलोमीटर की पदयात्रा के साथ नगर के श्रद्धालुओं द्वारा भक्ति भाव के साथ लाए गए थे जिनकी धूमधाम के साथ प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन संपन्न हुआ था।

### रजपुरा में गल्ले से भरी पिकअप पकड़ाई खरीद- विक्रय की जांच जारी



**दमोह।** अनुविभागीय अधिकारी हटा राकेश मरकाम के मार्गदर्शन में तहसील हटा के नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार ने भ्रमण के दौरान रजपुरा में गल्ला से भरी पिकअप वाहन को पकड़ा, पिकअप को रोककर जब गल्ला परिवहन संबंधित दस्तावेजों की जांच की तो मौके पर चालक के पास कोई वैध दस्तावेज नही मिलने पर हटा मंडी कर्मचारियों को मौके पर बुलाया गया और अनाज की जांच कराई गई। नायब तहसीलदार के निर्देश पर मंडी कर्मचारियों ने रजपुरा थाना पुलिस को बुलाकर पिकअप रजपुरा थाना में रखवाई और वाहन में भरे गल्ले से संबंधित खरीद विक्रय की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि हटा में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के संयुक्त प्रयासों से व्यापारियों के सहयोग से कृषि उपज मंडी हटा में डाक व्यवस्था चालू कराई गई है जिसमें गल्ला व्यापारियों से मंडी में खरीद विक्रय करने की अपील भी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा की गई है, बावजूद कुछ स्थानों से दूसरे जिलों में गल्ला भेजने की शिकायतें प्रशासन को प्राप्त हो रही थी जिसके तारतम्य में यह कार्यवाही की गई। नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार ने बताया अनुविभागीय अधिकारी हटा राकेश मरकाम के मार्गदर्शन में लगातार इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।

# मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ने मनाया हिंदू नव वर्ष




**समय जगत, आगर मालवा।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला इकाई आगर द्वारा दिनांक 30 मार्च 2025 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 को भारतीय नव वर्ष प्रारंभ उत्सव को जैन मंदिर के पास बड़ोद चौराहा पर बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आगर नगर पालिका अध्यक्ष निलेश पटेल मुख्य अतिथि, सहायक जिला शिक्षा परियोजना समन्वयक दिनेश कुंभकार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी आगर मनोहर चौहान एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी बड़ोद दशरथ मसानिया मुख्य अतिथि, ज्योतिषाचार्य पारस मंडलोई विशेष अतिथि एवं बृज मोहन चौहान जिला अध्यक्ष मध्य प्रदेश शिक्षक संघ आगर मुख्य वक्ता, तिलोत्तमा राव जिला उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला आगर, गोपाल गिरी गोस्वामी आगर जिला संगठन मंत्री, प्रेम सिंह यादव विकासखंड आगर अध्यक्ष, विनोद राठौर विकासखंड बड़ोद अध्यक्ष अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। विक्रम संवत 2082 के अवसर पर जिले के शिक्षक संघ के समस्त पदाधिकारी एवं अनेकों शिक्षकों में प्रातः से ही उत्साह देखा गया एवं बड़ोद चौराहे पर शिक्षक संघ द्वारा सभी सदस्यों एवं उपस्थित सभी नागरिकों को कुमकुम तिलक लगाकर एवं गुड-धना का प्रसाद बांटकर एक दूसरे को नववर्ष मंगलमय की शुभकामनाएं प्रदान की गई। मुख्य वक्ता चौहान द्वारा बताया गया कि शिक्षक संघ एक राष्ट्रव्यापी एवं राष्ट्र प्रेमी संगठन है जिसका मुख्य उद्देश्य है कि राष्ट्र हित शिक्षा हित छात्र हित व शिक्षक हित। आपने बताया कि शिक्षक संघ भारतीय शिक्षा को संस्कारों के साथ देने का कार्य करता है एवं संघ से जुड़े सभी शिक्षक और सामाजिक कार्यकर्ता सतत रूप से भारतीय संस्कृति और संस्कारों की प्रगति के लिए कार्य करते हैं। भारतीय संस्कृति के सभी उत्सव और कार्यक्रम प्रकृति से जुड़े हुए होते हैं। शिक्षक संघ ही एकमात्र ऐसा संगठन है जो की विद्यार्थियों को शिक्षा एवं संस्कार के साथ-साथ राष्ट्रहित की शिक्षा भी प्रदान करता है। इस अवसर पर ज्योतिषाचार्य मंडलोई द्वारा बताया गया कि भारतीय काल गणना ही ब्रह्मांड में एकमात्र वैज्ञानिक काल गणना है भारतीय कैलेंडर एक प्राकृतिक कैलेंडर है जो कि ब्राह्मडीय समय के साथ साथ चलता है। आपने बताया कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा 1 अप्रैल वर्ष 2025 से अपने सभी शासकीय पत्रों में सभी आदेश अंग्रेजी दिनांक के साथ-साथ हिंदी तिथि एवं विक्रम संवत के साथ प्रसारित किए जाएंगे। आगर नगर पालिका अध्यक्ष श्री पटेल द्वारा सभी को नववर्ष प्रारंभ की शुभकामनाएं दी गई एवं नगर के तीव्र विकास हेतु किए जा रहे कार्यों में सभी के सहयोग की अपेक्षा की गई। कार्यक्रम में महिला शक्ति श्रीमती लीला जिंदल महिला प्रकोष्ठ आगर जिला प्रभारी, प्रमिला भाटी ब्लॉक उपाध्यक्ष आगर, महिला शिक्षिकाओं के साथ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में सभी को नागरिक अनुशासन यातायात के नियम पालन, सार्वजनिक स्वच्छता, समयपालन, राष्ट्रीय पर्व में सहभागिता, राष्ट्रीय चिन्ह, स्मारकों का सम्मान व संरक्षण करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद के जिला अध्यक्ष शरद बंसिया, शिक्षक विनोद शर्मा, प्रेम नारायण विश्वकर्मा, श्रीमती दीपिका जिंदल, भावना यदुवंशी, मोहनलाल राठौर, घनश्याम विश्वकर्मा, के साथ-साथ अनेकों शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सामाजिक कार्यकर्ता रमन जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मनोज सागर द्वारा किया गया एवं शिक्षक अशोक नागर द्वारा आभार व्यक्त किया गया। जानकारी जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक ब्रज मोहन चौबे द्वारा दी गई।

### अभक्ष महासभा ने लाल सुमन पर राष्ट्रद्रोह का मामला पंजीबद्ध करने की मांग कर फूंका पुतला



**समय जगत, कटनी।** विगत 21 मार्च को राज्यसभा के पटल पर राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा भारत भूमि के अमर सपूत महान वीर सम्राट महाराणा संग्राम सिंह( राणा सांगा ) को गद्दार खाने का दुस्साहस करना अत्यंत निंदनीय, आशोभनीय, अमर्यादित एवं राष्ट्रविरोधी कृत्य किया है। यह न केवल सांसद की गरिमा और ऐतिहासिक सत्य का अपमान है बल्कि देश की आत्मा और स्वाभिमान को भी आहत किया है जिससे संपूर्ण भारतवर्ष का क्षत्रिय हिंदू समाज आहत हुआ है लाल जी सुमन को तत्काल राज्यसभा से बर्खास्त किया जावे वह राजद्रोह का मामला पंजीबद किया जावे की मांग की जाकर बहोरीबंद बस स्टैंड में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, करणी सेना ने रामजीलाल सुमन का पुतला फूंका तथा सदस्यता भांग ना किए जाने पर संसद का घिराव किए जाने की घोषणा की। अनिल सिंह सेंगर द्वारा व्यक्त किया गया कि महापुरुषों पर आशोभनीय टिप्पणी वह भारतीय इतिहास पर छेड़खानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रदर्शन के दोरान श्री अनिल सिंह सेंगर, सुरजीत पुष्पराज सिंह आलोक सिंह सुरेश सिंह शुभम सिंह अजीत सिंह बृजमोहन सिंह जयप्रकाश सिंह सोलंकी मोनू सिंह नितिन सिंह राजा सिंह चंदन सिंह लाखन सिंह अनिकेत सिंह राहुल गौतम आनंद सोलंकी विश्व रतन सिंह आशिक सिंह राजकुमार सिंह वंश सिंह लाखन सिंह आदि सेकडो राजपूत उपस्थिति रहे।

# भैंस चराने से रोकने पर लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से प्राण घातक हमला

### धरमपुर थाना में मामला दर्ज, घायल किसान जिला अस्पताल रेफर, आरोपी फरार

**समय जगत, पन्ना।** जिले के धरमपुर थाना अंतर्गत ग्राम अमलाहट में भैंस चराने से रोकने पर 50 वर्षीय किसान पर पिता-पुत्र के द्वारा लाठी-डंडों एवं धारदार कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल करने का मामला सामने आया है। घटना के संबंध में बताया गया है कि 29 मार्च 2025 को शाम लगभग 4.30 बजे रामपाल यादव उम्र लगभग 50 वर्ष निवासी ग्राम अमलाहट अपने खेत पहुंचा जहां भैंसों को चरता देखकर भैंस के मालिक लालू यादव और उसके पुत्र रामदेव यादव को भैंसों को खेत में चराने से मना कर वापस घर लौटने लगा, तभी रास्ते में लालू यादव और उसका पुत्र रामदेव यादव रास्ता रोक कर गाली-गलौज करने लगे रोकने पर किसान पर लाठी-डंडों एवं धारदार कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया और मरणासन्न हालत में घायल किसान को खेत में छोड़कर भाग गए, परिजनों को जब इस घटना के बारे में पता चला तो पुलिस को सूचना दी और घायल को लेकर अजयगढ़



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार उपरांत डॉक्टर के द्वारा जिला अस्पताल पन्ना रेफर कर दिया गया जहां इलाज जारी है।

### घायल किसान की हालत नाजुक

प्राणघातक हमले में किसान की पसली टूट गई है, एक हाथ फैक्चर हो गया है, एक दांत टूट गया है, सिर में लगभग 20 टांके लगे हैं। घायल किसान की हालत नाजुक बताई जा रही है। इस घटना के बाद आरोपी पिता-पुत्र फरार बताए जा रहे हैं। धरमपुर थाना पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का परीक्षा परिणाम हुआ घोषित

### सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले भैया-बहनों का किया सम्मान, मनाया गुड़ी पड़वा उत्सव

**समय जगत, आगर मालवा।** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रविवार को सम्मान समारोह के साथ वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। मंचासीन अतिथियों ने विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष प्रमोद मूले, उपाध्यक्ष अंकिता मोदी, सह सचिव अनिल गवली, समिति सदस्य जगदीश सोनी, ब्रजमोहन चौहान, चंद्रमणि परमार, विद्यालय के पूर्व प्राचार्य जगदीश शर्मा व पूनम बैरागी ने सरस्वती पूजन व दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वंदना शीला मालवीय ने प्रस्तुत की परिचय रानी सोनी ने दिया व स्वागत लक्ष्मी नारायण कुंभकार, भावना सोनी, ज्योति सक्सेना व ममता जैन दीदी ने किया। तत्पश्चात सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले भैया बहनों को अंकसूची के साथ प्रशस्ति पत्र व शील्ड प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। सबसे पहले बोर्ड की कक्षा पंचमी में 141 बच्चों में से 100 प्रथम श्रेणी व 21बच्चे द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए जिनमें सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले प्रिंस बागड़िया 90:,



चेष्टा सोनी 87:, वैदिका कारपेंटर 86.75:, मयंक गवली 86.75:, मिताली वर्मा 86:, वैष्णवी सोनी 84.75:, दक्ष गवली 84.25:, लक्ष्य गुर्जर 84.25:, नवीन गवली 84:, वैष्णवी गवली 84:, जीत गवली 83.25:, दिव्या कुँवर 83:, निकिता दईया 82.25:, दिव्यांशी 82.5: उज्जवल यादव 82.5: उर्वशी कारपेंटर 82: दक्ष अजमेरा 81.5: फरान खान 81.5: तंजीम खान 81.25: व इसी प्रकार अष्टम में 153 में से 105 प्रथम व 22 बच्चे द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए जिनमें सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले कल्पना यादव 94:, लक्ष्मी प्रजापति 89.5:, नंदिनी गवली 87:, वर्षा कुंभकार 85.8:, रितेश बबेरवाल 85.5:, अनिल मेघवाल 84.8:, राधिका गुर्जर 84.5:, विशाल कुंभकार 84.5:, लक्ष्मी माली 84:, पायल कुंभकार 84:, वंशिका राठौड़ 82.8:, सिद्धि गवली 82.5:, प्रियांशी गुर्जर 82.16:, दिव्यांशी सोनी 81:, अनमोल खटक 80.16: के साथ नर्सरी से एकादश कक्षा तक सभी विद्यालय की प्रवीण्य सूची में स्थान अर्जित करने वाले भैया बहनों का भी सम्मान किया गया।

# नगर विकास को महापौर ने दी एक और बड़ी सौगात

## महापौर, निगमाध्यक्ष की उपस्थिति में संपन्न हुआ भूमिपूजन

**समय जगत, कटनी।** शहर के विकास हेतु इन दिनों महापौर प्रीति संजीव सूरी वार्डों में प्राथमिक आवश्यकताओं को देखते हुए विकास कार्यों की सौगात दे रही हैं, इसी क्रम में 29 मार्च शनिवार को जहां उन्होंने वंशस्वरूप वार्ड को विभिन्न कार्यों की सौगात दी थी, वहीं विकास कार्यों की एक और बड़ी सौगात उन्होंने मदन मोहन चौबे वार्ड को देते हुए लगभग 65 लाख के विकास कार्यों को हरी झंडी दिखायी है। विकास कार्य अन्तर्गत वार्ड में स्थित बंधवा टोला में सी सी सड़क एवं नाली बनायी जायेगी, जिससे नागरिकों का आवागमन सुलभ होगा एवं पानी की निकासी संबंधी समस्याएँ भी ख़त्म होंगी। कार्यों के शुभारंभ हेतु महापौर सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक एवं स्थानीय पार्षद



सुशीला मिश्रीलाल की गरिमामय उपस्थिति में वार्ड की वरिष्ठ महिला चंपा बाई और तीजिया बाई से विधिवत भूमिपूजन संपन्न कराया गया। भूमिपूजन पश्चात महापौर सूरी ने सभी वार्ड वासियों को वार्ड में होने जा रहे विकास कार्यों हेतु शुभकामनाएँ देते हुए कहा, कि हमारा उद्देश्य किसी एक वार्ड को विकसित करना नहीं बल्कि पूरे शहर को विकास से सराबोर करना है, किंतु विकास कार्य किए जाने हेतु निर्धारित बजट को देखते हुए कार्य किए जाते है, इसलिए उनके द्वारा स्थानीय पार्षदों के साथ सभी वार्डों में भ्रमण करते हुए स्थानीय जनों की समस्याओं को सुनकर, एवं प्राथमिकता को देखते हुए निर्माण कार्य कराये जाते हैं, उन्होंने कहा हम धीरे-धीरे निरंतरता के साथ विकास की सीढ़ी में चढ़ते हुए एक दिन निश्चित ही नगर निगम सीमांतर्गत सभी वार्डों को विकास की दृष्टि में सफल बना पायेंगे, और शहर का विकास केवल निर्माण कार्य तक सीमित नहीं है, उसके लिए हम सबको हमारे शहर की गलियों, चौक चौराहों के साथ साथ हमारी जीवनदायनी नदियों को भी स्वच्छ रखना आवश्यक है, और इसके लिए जनभागदारी बहुत ही महत्वपूर्ण है, तो सभी अपनी सहभागिता देते हुए नगर विकास हेतु आगे आये, कचरे को रोड में ना फेंके, जल व्यर्थ ना बहायें, नदियों को दूषित ना करें एवं एक पेड़ अवश्य लगायें।

# जल पिलाना पुण्य का कार्य है, यह है अनमोल, इसे न बहाएं व्यर्थ : एसडीएम

### तहसील परिसर महाकाली मंदिर पर सार्वजानिक प्याऊ का शुभारंभ

**खुरई।** जन कल्याण सेवा समिति द्वारा नगर पालिका परिषद के सहयोग से तहसील प्रांगण में सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ एसडीएम मनोज चौरसिया ने फीता काट कर किया। एसण्डीएमण् ने स्वयं लोगों को शीतल जल पिलाया और कहा कि बड़े ही पुण्य का कार्य है। लोग यहां अपनी प्यास बुझा पायेंगे जल अनमोल हैए इसे व्यर्थ न बहाए जितना उपयोग हो उतना ही जल लेवे। क्योंकि जल से ही जीवन है प्याऊ की सेवा ही नारायण कि सेवा है। समिति के संरक्षक पुरुषोत्तम चौरसिया ने बताया कि नगर पालिका परिषदए पत्रकारों सहित सभी के सहयोग से प्याऊ का संचालन होगा। बढ़ते तापमान ने अप्रैल माह में ही कंठ सुखने लगा है सूखे कंठ तर करने के लिए प्याऊ सहारा बनेगे। भीषण गर्मी में सार्वजनिक प्याऊ शुरू हो जाने से लोगों को पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।



कचहरी में रोज़ सैकड़ों लोग किसी काम से आते हैं शीतल जल से उनके मन को शांति मिलेगी। समिति ने गर्मी के मौसम में पक्षियों के दाना.पानी की व्यवस्था वही पास के बगीचे में कर दी। नगर के चिन्हित स्थानों पर समिति द्वारा पक्षियों को दाना पानी के लिए सकोरा बांधे जायेंगे। नगर एवं ग्राम में जहां भी पंछियों को दाना पानी के लिए आवश्यकता होगी समिति सहयोग करेगी। इस अवसर पर नपा अधिकारी शैलेंद्र लोधी सहित पत्रकारगण समिती सदस्य सहित आमजन उपस्थित रहे।

# समूचे जिले में शांति व भाईचारे के साथ मनाया गया ईदुल फितर का त्यौहार

### विधायक राजेंद्र भारती, पूर्व विधायक घनश्याम सिंह, नगर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि प्रशांत ढेंगुला सहित नेताओं ने दी मुबारकबाद

**सतीश सिहारे- समय जगत, दतिया।** 31 मार्च को समूचे जिले में ईदुलफितर का त्यौहार उल्लास के साथ मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईदगाह पर नमाज अता कर अमन शांति की रब से दुआ मांगी। सोमवार को शहर काजी ने सुबह बड़ी ईदगाह मस्जिद पर एकत्रित हुए लोगों को ईद की विशेष नमाज अता करवाई। इसके बाद सभी लोगों ने ईदगाह से बाहर निकाल कर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।

**ईदगाह पर पहुंचे नेतागण, गले लगाकर दी मुबारक :** इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। दतिया विधायक राजेंद्र भारती और अवधेश नायक ईदगाह पहुंचे यहां उन्होंने मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने भी गले मिलकर ईद की बधाई दी। ईदगाह पर भाजपा नेता नगर पालिकध्यक्ष प्रतिनिधि प्रशांत ढेंगुला, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि योगेश सक्सेना, कालीचरण कुशवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह बुंदेला, पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष नाहर सिंह यादव आदि ने गले मिलकर ईदगाह पर मुबारकबाद दी। निर्धारित समय पर शहर के अन्य ईदगाहों शिया समुदाय के लोगों ने तरणताल मार्ग स्थित ईदगाह पर नमाज पढी। वहीं राजगढ़ चौराहा, तलैया मोहल्ला, साईनी मोहल्ला में ईद की नमाज करवाई गई।

वहीं सेंवढ़ा के पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने इंदरगढ़ पहुंच कर मुस्लिम समाज के लोगों से मुलाकात की तथा ईद की नमाज पढ़ कर बाहर निकल रहे लोगों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि ईद का पर्व समाज में भाई चारा की भावना को मजबूत करता है। इस अवसर पर हरिमोहन गुर्जर, कोक सिंह मयंक, अनार सिंह यादव, बीके जाटव आदि उपस्थित रहे। वहीं सेंवढ़ा में किला गेट स्थित कांग्रेस जनसंपर्क कार्यालय पर सेंवढ़ा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जयवेंद्र सिंह परिहार ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को शरबत पिलाकर ईद की मुबारकबाद दी।





**सुरक्षा में तैनात रहा भारी पुलिस बल:** इस अवसर पर ईदगाह व सभी मस्जिदों पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार शिवहरे के निर्देशन में एसडीओपी प्रियंका मिश्रा, कोतवाली टीआई धीरेंद्र मिश्रा व पुलिस बल सुरक्षा की दृष्टि से तैनात रहा। सुरक्षा को देखते हुए समूचे जिले में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस के अधिकारी पेट्रोलिंग करते हुए भी दिखाई दिए।

### जर्जर सड़क बनवाने के लिए अब धरना- प्रदर्शन करेंगे ग्रामीण

# बरुआ सड़क की दुर्दशा देख ग्रामीणों में बढ़ रहा आक्रोश



**समय जगत, चित्रकूट।** बीते 4 वर्ष से अधिक तीरमऊ बालू खदान से ओवर लोड बालू लेकर निकल रहे भारी वाहन से क्षतिग्रस्त हुई सड़क के पुनर्णिमान न किए जाने से आहत बरुआ, रुपौली, रगौली, तीरमऊ के ग्रामीण बीते 27 मार्च को जिलाधिकारी चित्रकूट को प्रार्थना पत्र देकर अविलम्ब सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की थी साथ ही उक्त पत्र में जिला प्रशासन को आगाह भी किया था कि यदि कार्य शुरू नहीं हुआ तो 1 अप्रैल से शांति पूर्ण धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। शनिवार को ग्राम पंचायत बरुआ, रुपौली, रगौली, तीरमऊ में मुनादी करा बरुआ के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय के पास सभी ग्रामीणों को इकट्ठा कराया गया उपस्थित ग्रामीणों ने प्रशासन द्वारा इस सड़क की अनदेखी पर चिंता जताई गई भट्ठा मोड से बरुआ तक लगभग आठ किलोमीटर की क्षतिग्रस्त सड़क के पुनर्निर्माण शुरू न होने पर आपत्ति व्यक्त की गई उक्त बैठक में तीरमऊ, बरुआ,रुपौली, रगौली आदि के ग्रामीण भी उपस्थित रहे बैठक में ग्रामीण रिंकू शुक्ला, पंकज शुक्ला, ऐश्वर्य प्रताप सिंह, पूरन सिंह आदि ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बीते ग्यारह वर्ष से इस क्षतिग्रस्त सड़क के बनवाने की लगातार हम सब लोग माँग करते चले आ रहे हैं लेकिन कोई सुन नहीं रहा इसके लिए बीते लोकसभा चुनाव का बहिस्कार भी बरुआ में किया गया तब जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने एक करोड़ रूपये से इस सड़क मार्ग बनवाने का भरोसा देकर मतदान के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया था लेकिन चुनाव होने के लगभग एक वर्ष होने वाले हैं इस सड़क के बनवाने की बात लगता है भूल गए इसके बाद बीते 27 मार्च को जिलाधिकारी चित्रकूट महोदय को भी पत्र देकर इस सड़क के बनवाने के लिए अनुरोध कर चुके हैं साथ ही उक्त पत्र में आगाह भी किया था कि यदि सड़क निर्माण शुरू नहीं हुआ तो 1 अप्रैल से शांति पूर्ण धरना प्रदर्शन करेंगे।

### परीक्षा में सफलता पाने वाले नौनिहालों का शील्ड देकर किया सम्मान

**सिलवानी।** कक्षा 5 तथा 8 के परीक्षा परिणाम घोषित होने के साथ ही स्कूली नौनिहालों के चेहरो पर चमक देखी जा रही है। नगर के दा संस्कार वैरी स्कूल का घोषित परीक्षा परिणाम शत प्रतिषत रहा। यहां पर कक्षा 5 में 65 तथा 8 में 54 छात्रों ने सफलता हासिल की। बेहतर परीक्षा परिणाम आने पर स्कूल संचालको ने एक संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित किया तथा अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को शील्ड प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक तथा शिक्षक व स्कूल स्टाप मौजूद रहें। सभी बच्चो को उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी।



### सिडेंटरी लाइफ स्टाइल छोड़ना ही है फैटी लिवर से बचने का एक मात्र उपाय: डॉ. हेमंत जैन

**दतिया।** हर माह के अंतिम रविवार को डॉ. हेमंत जैन द्वारा आयोजित किये जाने वाले निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन संपन्न हुआ। शिविर में 67 मरीजों ने लाभ उठाया जिसमें मरीजों को मुफ्त बीपी, शुगर व फाइब्रो स्कैन की जांच की गई और उचित मार्गदर्शन परामर्श देकर उपचार की सलाह दी गई। डॉ. जैन ने कहा कि वर्तमान में मधुमेह, हाई बीपी और फैटी लिवर के मरीजों की संख्या बढ रही है जो चिंताजनक है। इस अवसर पर मरीजों को दिन में कम से कम 7000 कदम पैदल चलने की सलाह दी गयी जिससे शरीर में जमा चर्बी को गलाया जा सके और मांसपेशियों में मजबूती आये। सेडेंटरी लाइफस्टाइल का मतलब है कि कोई व्यक्ति दिन भर में बहुत ही कम शारीरिक गतिविधि करता है और ज्यादातर समय बैठे बैठे गुजारता है। अगर मधुमेह, हाई बीपी, कोलेस्ट्रॉल और मोटापे से बचना है तो खुद को एक्टिव रखना पड़ेगा जिसका मतलब है कि कम से कम 1 घंटा शारीरिक परिश्रम किया जावे।



3 वर्षों से लगातार आयुष्मान में नि:शुल्क
नेशनल हॉस्पिटल, रीवा
कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी
पथरी का दूरबीन के द्वारा ऑपरेशन
प्रोस्टेट, हार्निया, हाइड्रोसील
पता-नेशनल हॉस्पिटल, समान तिराहा, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)
Mob. : 91 7566831551, 18008890620, 8608600604
7 APRIL




स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लॉट नं. 21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल 462011 से मुद्रित कर जी-1 गोयल निकेत अपार्टमेंट प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 एमपी नगर भोपाल म.प्र. से प्रकाशित। पिन नं. 462011, संपादक **अभिनव त्रिपाठी।**
RNI-MPHIN/2004/13180 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। **फोन :** 0755-4700402, ई-मेल: dainiksamayjagat@gmail.com